

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 29 मार्च 2026 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष -41 ■ अंक-355 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 30 मार्च 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## जल संरक्षण में छत्तीसगढ़ बना देश के लिए मिसाल

### मुख्यमंत्री साय ने सुनी 'मन की बात' की 132वीं कड़ी, कोरिया जिले के जल संरक्षण मॉडल की प्रधानमंत्री ने की सराहना

**रायपुर 29 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 132वीं कड़ी सुनी और इसे राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश के कोने-कोने में हो रहे सकारात्मक नवाचारों और जनभागीदारी को राष्ट्रीय मंच प्रदान कर समाज में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोरिया जिले के किसानों के जल संरक्षण प्रयासों की सराहना छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत गर्व और प्रेरणा का विषय है। यह दर्शाता है कि प्रदेश में जमीनी स्तर पर हो रहे कार्य अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं।उन्होंने कहा कि 'आवा पानी झोंकी' जैसे अभिनव मॉडल के माध्यम से किसानों ने अपने खेतों में रिचार्ज तालाब और सोख्ता गड्ढों का निर्माण कर वर्षा जल को सहेजने का सराहनीय कार्य किया है। यह जनभागीदारी आधारित पहल आज भूजल



स्तर में सुधार की एक सशक्त मिसाल बन चुकी है और अन्य क्षेत्रों के लिए भी मार्गदर्शक बन रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण अब एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है और छत्तीसगढ़ में भी इसे जनभागीदारी से जोड़ते हुए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से जल संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और इसमें सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता, फिटनेस को बढ़ावा, शुगर इंटेक में कमी और खेलों के लिए अनुकूल वातावरण निर्माण जैसे विषयों पर दिए गए संदेश अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने, युवाओं को खेलों से जोड़ने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने पश्चिमी एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों के संदर्भ में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि देश हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है और केंद्र तथा राज्य सरकारें समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ में पेट्रोलियम उत्पादों, रसोई गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता है.

**बागेश्वर सरकार की धर्मान्तरण करने वालों को सीधी चेतावनी**

## ठठरी मारी जाएगी, छत्तीसगढ़ का भांचा आया है



**कटघोरा 29 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

ऊर्जाधानी कोरबा आज पूरी तरह से राममय हो गई है. बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपनी पाँच दिवसीय हनुमंत कथा के लिए कोरबा पहुँच चुके हैं. कथा के पहले ही दिन कथा स्थल ढपढप में श्रद्धा का ऐसा सैलाब उमड़ा कि प्रशासन के लिए व्यवस्था संभालना चुनौती बन गया. मंच संभालते ही बाबा ने जहाँ कोरबा की ऊर्जा शक्ति को नमन किया, वहीं धर्मांतरण करने वालों को सीधे शब्दों में चेतावनी दे डाली.

**"हालेलुया वालों की मारी जाएगी ठाठरी"**-धर्मांतरण के मुद्दे पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने अब तक का सबसे तीखा प्रहार किया है. आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय मिशनरियों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने दो टूक कहा– "यहाँ आसपास हालेलुया वाले भी रहते हैं, उनकी भी ठाठरी मारी जाएगी. अब यह खेल नहीं चलेगा." उन्होंने संकल्प दोहराते हुए कहा कि जो लोग राह भटक गए हैं, उनकी 'घर वापसी' कराई जाएगी. शहर की महत्ता पर चर्चा करते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि कोरबा पूरे देश को रोशन करता है. उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा– "अगर कोरबा का कोयला बंद हो जाए, तो हमारे मध्य प्रदेश में भी अंधेरा छा जाएगा, वहाँ लाइट नहीं जलेगी." उन्होंने कोरबा वासियों के प्रेम को अद्भुत बताया. भावुक संबोधन में शास्त्री जी ने खुद को छत्तीसगढ़ का 'भांचा' (भांजा) बताया. उन्होंने कहा– "यह माता कौशल्या की पावन धरती है और मैं यहाँ का भांचा हूँ. यहाँ मेरा पूरा अधिकार है." उन्होंने जनता को 'पागल' कहते हुए उनके अटूट विश्वास की सराहना की. बता दें कि यह हनुमंत कथा 1 अप्रैल तक चलेगी, जिसमें विशेष 'दिव्य दरबार' भी सजेगा. बाबा ने साफ कर दिया है कि वे यहाँ केवल कथा सुनाने नहीं, बल्कि सनातन की अलख जगाने और धर्मांतरण रोकने के संकल्प के साथ आए हैं.

### फर्नेस ब्लास्ट की चपेट में आया क्रेन ऑपरेटर

**बिलासपुर,29 मार्च।** न्यायधानी के कोनी थाना क्षेत्र अंतर्गत निरतू-घुटकू स्थित 'फिल स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड' प्लांट में एक भीषण हादसा हो गया, जहाँ इंडक्शन फर्नेस फटने से ड्यूटी पर तैनात क्रेन ऑपरेटर आशुतोष कुमार गंभीर रूप से झुलस गए। बिहार के रहने वाले 26 वर्षीय आशुतोष हादसे के वक्त फर्नेस के पास ही कार्य कर रहे थे, तभी अचानक हुए विस्फोट की चपेट में आने से उनका शरीर करीब 60 प्रतिशत तक जल गया। घटना के बाद प्लांट में अफरा-तफरी मच गई और घायल कर्मचारी को तत्काल शहर के प्रताप चौक स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ फेफड़ों में धुआं भरने और सांस लेने में तकलीफ के कारण उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

### सूअर के वीर्य से बने आईड्रॉप से कैंसर का इलाज

**नई दिल्ली,29 मार्च।** एक शोध रिपोर्ट के मुताबिक सूअर के वीर्य का इस्तेमाल कर ऐसा आई ड्रॉप बनाया गया है जिसका इस्तेमाल आंख के कैंसर के इलाज में किया जा सकता है। चूहों पर इसका सफल प्रयोग किया गया है। कैंसर आज भी ऐसी बीमारियों में से एक है जिसके इलाज की पूरी गारंटी नहीं दी जा सकती है। आंखों के कैंसर का इलाज और भी कठिन माना जाता है। यह कैंसर आंखों के आसपास की कोशिकाओं में शुरू होता है। इस दिशा में वैज्ञानिकों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। साइंस एडवांसेज में छपी एक रिसर्च के मुताबिक शोधकर्ताओं ने सूअर के वीर्य से एक आईड्रॉप बनाया है। यह दवा ट्यूमर के ग्रोथ को रोक सकती है। इससे आंखों की रोशनी भी बचाई जा सकती है। अब तक इसका प्रयोग चूहों पर किया गया है। शोध रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बच्चों में रेटिनोब्लास्टोमा के इलाज के लिए भी इस दवा का इस्तेमाल किया जा सकता है। आम तौर पर आंखों के कैंसर का इलाज दवाइयों के इंजेक्शन, कीमोथेरपी या फिर लेजर थेरेपी के जरिए किया जाता है। वहीं इस रिपोर्ट में बताया गया है कि सूअर के वीर्य से बनी दवाई रेटिना के पिछले हिस्से तक पहुंच जाती है।

### भाजपा सरकार बनी तो 5 साल में हर घुसपैठिया होगा बाहर: शाह

**नई दिल्ली,29 मार्च।** असम के सोनितपुर में गृह मंत्री अमित शाह ने अगले पांच वर्षों में राज्य को घुसपैठ मुक्त करने का संकल्प लिया और दावा किया कि भाजपा ने असम को आतंकवाद से मुक्त कर शांति स्थापित की है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि घुसपैठिए असम के युवाओं के संसाधन और रोजगार छीन रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने असम के सोनितपुर जिले की ढेकियाजुली विधानसभा में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने भाषण के दौरान उन्होंने असम की सुरक्षा, रोजगार और विकास को मुख्य मुद्दा बनाया। शाह ने जनता से अपील की कि वे केवल मुख्यमंत्री या मंत्री चुनने के लिए नहीं, बल्कि असम को घुसपैठियों से पूरी तरह मुक्त करने के लिए वोट दें। अमित शाह ने स्वीकार किया कि हालांकि पिछले दस वर्षों में नई घुसपैठ को रोकने में सफलता मिली है, लेकिन अभी भी कई अवैध लोग राज्य में मौजूद हैं। उन्होंने संकल्प लिया कि अगर भाजपा तीसरी बार सत्ता में आती है, तो अगले पांच वर्षों में हर घुसपैठिए की पहचान कर उन्हें बाहर निकाला जाएगा।

## बर्ड फ्लू से मरे मुर्गे खुले में फेंके गए , इलाके में दहशत

**बिलासपुर,29 मार्च।** बर्ड फ्लू के खतरे ने लोगों में दहशत मचा दी है। तखतपुर-नगोई नए बायपास रोड पर हाल ही में खुले में मृत मुर्गियों के फेंके



जाने की घटना सामने आई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई मृत मुर्गियां सड़क किनारे और खुले में रखी गई थीं, जिससे इलाके में भय का माहौल बन गया। घटना स्थल पर मिली जानकारी के अनुसार, मृत मुर्गियों को पहले बोरियों में भरकर सड़क किनारे फेंका गया। इससे राहगीरों और आसपास के निवासियों में डर फैल गया है। स्थानीय प्रशासन ने तुरंत स्थिति का जायजा लिया और मृत मुर्गियों को सुरक्षित तरीके से निपटाने के निर्देश जारी किए। क्षेत्रवासियों ने इस मामले को लेकर चिंता जताई और प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की। बर्ड फ्लू के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने चेतावनी जारी की है कि इलाके में किसी भी तरह की हल्की लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खुले में मुर्गियों को न फेंके और संदिग्ध पक्षियों के संपर्क से बचें। तखतपुर-नगोई नए बायपास रोड पर हुई इस घटना ने स्थानीय लोगों को सतर्क कर दिया है और इलाके में स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। बता दें कि, छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में एक ओर जहाँ बर्ड फ्लू की आहट ने लोगों को डरा रखा है, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की भारी लापरवाही सामने आई है। शहर के खमतराई स्थित ड्रीम सिटी कॉलोनी के पास खुले मैदान में बड़ी संख्या में मरे हुए मुर्गे फेंक दिए गए हैं। इलाके में मरे मुर्गों के सड़न और बदबू से लोग परेशान हो गए हैं, साथ ही संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। इस पूरे घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने प्रशासन को दी है।

## भारी भरकम वादों के साथ चुनावी मैदान में उतरे विजय

**चेन्नई,29 मार्च।** तमिलगा वेट्री कझगम के प्रमुख विजय ने आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए बड़ा ऐलान किया है। विजय 23 अप्रैल को होने वाले चुनावों में दो निर्वाचन क्षेत्रों, चेन्नई के पेराम्बुर और तिरुचिरापल्ली पूर्व से अपनी किस्मत आजमाएंगे। रविवार को उन्होंने अपनी पार्टी के सभी 234 उम्मीदवारों की विस्तृत सूची भी जारी कर दी है।

विजय ने अपनी 'कोर टीम' के अनुभवी और विश्वसनीय नेताओं को मैदान में उतारा है। प्रमुख उम्मीदवारों में टी. नगर से एन. आनंद, मायलापुर से वेंकट रमन और विलिवक्कम से आधव अर्जुन के नाम शामिल हैं। उम्मीदवारों का परिचय कराते हुए विजय ने भावुक अपील की और कहा कि उन्होंने अपनी टीम में ऐसे लोगों को चुना है जो सीधे जनता के सवालों का जवाब देंगे। विजय ने इस चुनाव को सीधे तौर पर अपने गठबंधन और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के नेतृत्व वाली सत्ताधारी पार्टी डीएमके के बीच की लड़ाई बताया। उन्होंने मौजूदा सत्ताधारी गठबंधन की आलोचना करते हुए उसे केवल "जोड़-तोड़ की राजनीति" करार दिया। विजय का दावा है



कि उनके उम्मीदवार साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं और वे आम आदमी के संघर्षों को बेहतर समझते हैं।

युवा मतदाताओं को लुभाने के लिए विजय ने कई आर्थिक गारंटियों की घोषणा की है। **बेरोजगारी भत्ता:** 29 वर्ष से अधिक आयु के बेरोजगारों को 4,000 रुपये और डिप्लोमा धारकों को 2,500 रुपये प्रतिमाह देने का वादा।

**शिक्षा ऋण:** 12वीं से लेकर पीएचडी तक के छात्रों के लिए 20 लाख रुपये तक के बिना गारंटी वाले लोन की सुविधा।

**स्थानीय रोजगार:** जो कंपनियां 75% स्थानीय लोगों को नौकरी देंगी, उन्हें बिजली बिल और टैक्स में विशेष छूट दी जाएगी।

## छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की समाप्ति पर मंत्री केदार कश्यप का बड़ा बयान

**रायपुर,29 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खात्मे पर वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रदेश में अब पूरी तरह भय मुक्त और शांत वातावरण है. स्थानीय लोग खुशी जताते हुए कह रहे हैं कि उन्होंने ऐसा कभी होगा, सोचा नहीं था. नक्सलवाद का पूरी तरह सफाया गृहमंत्री अमित शाह के प्रयासों से भाजपा सरकार में ही संभव हो पाया है.मंत्री केदार कश्यप ने मीडिया से चर्चा में लोकसभा में नक्सलवाद पर होने वाली चर्चा को लेकर कहा कि नक्सलवाद पर चर्चा हम सबके लिए हर्ष का विषय है. पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश में बड़े बदलाव हुए है. कश्मीर से लेकर राम मंदिर तक कई उदाहरण हैं. छत्तीसगढ़ 50 वर्षों की नक्सल पीड़ा से मुक्त हुआ. गृहमंत्री अमित शाह ने अपना संकल्प पूरा किया.

वहीं कांग्रेस के आदिवासी सलाहकार परिषद के गठन पर केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस आदिवासी समाज के साथ अन्याय करती रही. आज़ादी के बाद से शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पेयजल से वंचित रखा. भाजपा ने आदिवासी समाज के लिए काम किया. अब कांग्रेस को एहसास हो रहा है कि आदिवासी समाज उनसे दूर हो चुका है.

**मंत्री केदार कश्यप ने सुनी मन की बात**-मंत्री केदार कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'सुनी मन की बात' को सुना. इस पर उन्होंने कहा कि 'मन की बात' का 132वां संस्करण प्रसारित हुआ. प्रधानमंत्री हर बार देश के अलग-अलग क्षेत्रों के नवाचारों को सामने लाते हैं. आज के एपिसोड में कोरिया में जल संरक्षण के कार्य का उदाहरण दिया. देश में जल संरचना के लिहाज से हम सबसे समृद्ध हैं. पीएम ने पश्चिम एशिया के युद्ध हालातों के बीच सीमित संसाधनों के बेहतर उपयोग पर भी अपनी बात रखी.

### संकट के बीच भारत ने श्रीलंका को दिया 38000 मीट्रिक टन पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली,29 मार्च।** ईरान में जारी भीषण सैन्य संघर्ष के बीच दुनिया के की देशों में ईंधन को लेकर किल्लत जारी है। संकट की इस घड़ी में भारत ना सिर्फ अपने देश की जनता की जरूरतों को पूरा कर रहा है, बल्कि पड़ोसी देश श्रीलंका और बांग्लादेश का भी ख्याल रख रहा है। यही वजह है कि भारत से 38,000 मीट्रिक टन डीजल और पेट्रोल की संयुक्त खेप शनिवार को श्रीलंका पहुंची। भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारत के इस कदम की तारीफ ना सिर्फ वहां की सरकार कर रही है, बल्कि श्रीलंका के विपक्षी दल भी इस बात के मुरीद हो गए हैं। श्रीलंका में नेता प्रतिपक्ष और समागी जन बलवेगया के नेता सजित प्रेमदासा ने भारत की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, "हम आपातकालीन ईंधन सहायता के लिए भारत का आभार व्यक्त करते हैं। यह इस बात की याद दिलाता है कि रिश्तों की असली परीक्षा संकट के समय होती है, सुख-सुविधाओं में नहीं। हमें उन लोगों को नहीं भूलना चाहिए, जो सबसे अहम समय में हमारे साथ खड़े रहे।"

## पश्चिम एशिया के युद्ध से हम सब मिलकर निपटेंगे : पीएम मोदी

**नई दिल्ली,29 मार्च।** अपने मासिक रोडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि इससे हम सभी 140 करोड़ भारतवासियों को मिलकर निपटना है। प्रधानमंत्री मोदी ने जल संरक्षण की अपील भी की। मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिए देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को बड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के चलते जो भी परिस्थितियां पैदा हो रही हैं, उनसे हम सभी 140 करोड़ भारतवासियों को मिलकर निपटना है। उन्होंने कहा, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि स्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं। पीएम मोदी ने कहा, मैं अपने देशवासियों से कहना चाहता हूं कि आप सभी सतर्क रहें और किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें।



इसके अलावा पीएम मोदी ने खेलों का जिक्र करते हुए युवाओं को प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने जल संरक्षण की भी अपील की है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं खाड़ी देशों में रह रहे और वहां काम करे एक करोड़ भारतीयों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए उन देशों का हार्दिक आभारी हूं। ऐसे कठिन समय में इस मामले में कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मन की बात के 132वें एपिसोड में कहा, मैं देशवासियों से आग्रह करता हूं कि सभी एकजुट रहें और हमें इस चुनौती से बाहर निकलना है। जो लोग राजनीति कर रहे हैं उन्हें इसपर राजनीति नहीं करनी चाहिए। यह मामला 140 करोड़ देशवासियों के हित से जुड़ा है। सरकार जो निरंतर जानकारी दे रही है लोगों को केवल उसपर ही विश्वास करना चाहिए।

## उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में नजर आ रहे मालाबार पाइड हॉर्नबिल

**जगदलपुर,29 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के घने जंगलों में एक दिलचस्प बदलाव दिखाई दे रहा है. यहाँ की पहाड़ियों और वनों में अब फिर से उन दुर्लभ प्रजातियों की आहट सुनाई देने लगी है, जो कभी पश्चिमी घाट और हिमालयी क्षेत्रों की पहचान मानी जाती थीं. मालाबार पाइड हॉर्नबिल, मालाबार विशाल गिलहरी और भारतीय उड़ने वाली गिलहरी जैसी प्रजातियाँ अब उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में अपना विस्तार कर रही हैं. इस बदलाव के पीछे आधुनिक तकनीक और स्थानीय समुदायों के पारंपरिक ज्ञान का एक अनूठा संगम काम कर रहा है.

**सेंट्रल इंडियन हाइलैंड्स: एक प्राकृतिक 'जीव-जंतु पुल'**-छत्तीसगढ़ का सेंट्रल इंडियन हाइलैंड्स क्षेत्र पश्चिमी घाट, पूर्वी घाट और हिमालय के बीच एक महत्वपूर्ण पारिस्थितिक कड़ी का काम करता है. यह क्षेत्र कई वन्यजीव प्रजातियों के लिए "फॉनल ब्रिज" यानी जीव-जंतुओं के आवागमन का प्राकृतिक मार्ग बनता है. उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व इसी हाईलैंड्स का हिस्सा है. यह क्षेत्र उन प्रजातियों के लिए आदर्श माना जाता है जो ऐसे वनों में पनपती हैं जहाँ वृक्षों के छत्र आपस में जुड़े हों, जिन्हें "वृक्षीय राजमार्ग" कहा जाता है. सालभर जल स्रोत उपलब्ध हों, फल देने वाले वृक्ष जैसे बरगद, पीपल और सेमल मौजूद हों. लेकिन पिछले वर्षों में अतिक्रमण, अवैध शिकार और अवैध वृक्ष कटाई के कारण इन वनों को नुकसान पहुँचा और इन दुर्लभ प्रजातियों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई.

**जब एआई ने जंगलों की निगरानी शुरू की**-वर्ष 2022 में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व ने जंगल संरक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग शुरू किया. रिजर्व ने गूगल अर्थ इंजन आधारित रिमोट सेंसिंग पोर्टल का उपयोग करते हुए 1840 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में वन आवरण और जल स्रोतों की स्थिति का विश्लेषण किया. सेंटिनल और लैंडसैट उपग्रहों से प्राप्त पिछले 15 वर्षों के आंकड़ों का अध्ययन कर मशीन लर्निंग एल्गोरिदम के माध्यम से एनडीवीआई (वनस्पति सूचकांक) और एनडीडब्ल्यूआई (जल सूचकांक) में बदलावों का विश्लेषण किया गया. इस तकनीक से उन क्षेत्रों की पहचान संभव हुई जहाँ, वन आवरण तेजी से कम हो रहा था. वृक्षों के छत्रों में अंतराल बढ़ रहा था. जल स्रोत सूख रहे थे. इन क्षेत्रों को "हॉटस्पॉट" के रूप में चिह्नित किया गया.



**ड्रोन से हुआ जमीनी सत्यापन**-उपग्रह चित्रों से मिले संकेतों की पुष्टि के लिए एआई-संचालित सर्वेक्षण ड्रोन का उपयोग किया गया. इन ड्रोन की मदद से हॉटस्पॉट क्षेत्रों का उच्च-रिज़ॉल्यूशन मानचित्र तैयार किया गया. जंगलों की वास्तविक स्थिति का आकलन हुआ. संरक्षण के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की गई. इससे वन विभाग को एक सटीक और अद्यतन तस्वीर मिली, जो संरक्षण रणनीति बनाने में अत्यंत उपयोगी साबित हुई.

**असली जानकारी समुदाय के पास**-तकनीक के साथ-साथ स्थानीय समुदायों का ज्ञान भी इस पहल का महत्वपूर्ण हिस्सा बना. ओढ़, अमलोर, आमामोरा, नारिपानी, अमली, खालगढ़, मेचका, बमनीझोला, आमगाँव, बहिगाँव और कारिपानी जैसे गांवों के वनवासियों से बातचीत कर इन प्रजातियों के पुराने रहवास क्षेत्रों, भोजन के स्रोतों और आवागमन के रास्तों की जानकारी जुटाई गई. यह पारंपरिक ज्ञान कई मामलों में वैज्ञानिक डेटा का पूरक साबित हुआ.

**तीन वर्षों में उठाए गए महत्वपूर्ण कदम**-एकत्रित जानकारी और विश्लेषण के आधार पर पिछले तीन वर्षों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए. लगभग 850 हेक्टेयर अतिक्रमण हटाया गया. हॉटस्पॉट क्षेत्रों के 21 तालाबों में सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप लगाए गए, जो गर्मियों में सूख जाया करते थे. फाइकस प्रजातियों और फलदार वृक्षों का बड़े पैमाने पर रोपण किया गया. जल संरक्षण के लिए कंटूर ट्रेंच, चेक डैम और जल संचयन संरचनाएँ बनाई गईं. इसके साथ ही अवैध शिकार रोकने के लिए 60 से अधिक एंटी-पोचिंग अभियान चलाए गए, जिनमें ओडिशा और यूएसटीआर क्षेत्र से लगभग 500 शिकारी और लकड़ी तस्करों की गिरफ्तारी हुई. वन विभाग ने समुदाय आधारित संरक्षण कार्यक्रम भी शुरू किए हैं. इनमें प्रमुख हैं, "हॉर्नबिल रेस्टोरेंट" जहाँ हॉर्नबिल के लिए भोजन उपलब्ध कराया जाता है.

# मंच निर्माण का भूमिपूजन नपाध्यक्ष ने किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जामुल, 29 मार्च।** नगर पालिका जामुल में विकास कार्य लगातार जारी है। क्षेत्र के विकास यात्रा में वार्ड क्र. 20 सुरडुंग में मंच निर्माण हेतु भूमि पूजन नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने किया भूमि पूजन अवसर पर नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि हमारे जामुल पालिका क्षेत्र में बहुत सारे कार्य हो रहे हैं। लगभग सभी वार्डों में वार्ड पार्षद के सहमति एवं आम जनता के मांग अनुसार कार्य कराया जा रहा है और आगे भी विकास कार्य होगा उसके लिए निविदा किया जा चुका है। शासकीय प्रक्रिया के बाद और भी विकास कार्य पूरे क्षेत्र में शीघ्र ही प्रारंभ होगा। नपा अध्यक्ष ठाकुर ने बताया कि आज जो भूमि पूजन हो रहा है। उससे मंच निर्माण होगा। जिसका लागत दो लाख पचास हजार रूपये का है जो कि पार्षद निधि से है। मैं आप सभी को मैं आश्वस्त करता हूं कि हमारे जामुल सुरडुंग पालिका क्षेत्र में आप सबके मंशानुरूप ही कार्य होगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद शांति टंडन पार्षद अहिल्या वर्मा अध्यक्ष प्रतिनिधि विशेश्वर वर्मा, वरिष्ठ जन आत्मा राम वर्मा, धनेश दिवाकर, तुलाराम टंडन, भवर सिंह, छोटू महराज, संजय मढ़रिया, प्रकाश साहू, जमुना बाई, हिरौंदी बाई, प्रदीप, संदीप कोसरे, इंदरौतिन बाई, अमृत कोसरे, करूणा गायकवाड़, महेन्द्र, पन्ना लाल साहू, सीता राम साहू उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले कलाकारों का संभागीय सरस मेला में किया गया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 29 मार्च।** संभागीय सरस मेला 2026 के दौरान बीते दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने ऐसा माहौल बनाया, जिसने हर दर्शक को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर जब लोकनृत्य, गीत-संगीत और पारंपरिक झलकियां जीवंत हुईं, तो पूरा परिसर तालियों की गूंज से भर उठा। कलाकारों ने अपनी कला के जरिए न केवल मनोरंजन किया, बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के दौरान जिन कलाकारों और सांस्कृतिक दलों ने अपनी प्रस्तुति से विशेष पहचान बनाई, उन्हें सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा, जहां कलाकारों की मेहनत और समर्पण को खुले मंच से सराहा गया। मंच पर आमंत्रित कर उन्हें सम्मान प्रदान किया गया, जिससे कलाकारों में उत्साह और आत्मविश्वास और बढ़ा।इस अवसर पर पत्रकार संजीव मिश्रा और जिला पंचायत के जनसंपर्क अधिकारी विनीत दास ने कलाकारों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यह मंच ग्रामीण और क्षेत्रीय प्रतिभाओं को नई पहचान देने का कार्य कर रहा है।

संभागीय सरस मेला अब केवल व्यापार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है।




## एक नजर

### धारदार हथियार से लोगों को डराने वाला युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 29 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नेवई थाना क्षेत्र के लोहे का धारदार हथियार लेकर लोगों के सामने लहरा कर दहशत फैलाने वाले आरोपी को नेवई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है नेवई टीआई अनिल साहू ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि स्टेशन मरोदा चौपाटी के पास रूआबांधा का दुष्यंत यादव (35) लोहे का धारदार हथियार लेकर लोगों के सामने लहरा रहा है सूचना पर स्टेशन मरोदा चौपाटी के पास पहुंचे तो दुष्यंत यादव लोहे के धारदार हथियार लहराते मिला उसे घेराबंदी कर पकड़ा उसके कब्जे से एक लोहे का धारदार तलवारनुमा हथियार को जब्त किया है नेवई थाने पुलिस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है।

### हत्या का प्रयास करने वाले को पुलिस ने पकड़ा


**भिलाई, 29 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** हत्या का प्रयास करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जामुल पुलिस ने



बताया कि आम्रपाली वनांचल सिटी जामुल निवासी मंजीत सिंह ने शिकायत किया है कि आरोपी कुरुद कोहका निवासी लखन साहू द्वारा कॉलोनी में खड़ी वाहन सीजी 04 एनआर 9009 को चालू कर आसपास खड़ी अन्य वाहनों को ठोकर मारकर डेमेज कर दिया पीड़ित ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को रोकने का प्रयास किया मगर उसने जान से मारने की नियत से वाहन चढ़ाने का प्रयास किया पुलिस ने आरोपी लखन को घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया।

### भगवान महावीर के जन्म कल्याणक पर तीन दिवसीय महोत्सव

**भिलाई, 29 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में



भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर 31 मार्च तक तीन दिवसीय भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रचार-प्रसार प्रभारी प्रदीप जैन बाकलीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महोत्सव का आयोजन जैन मिलन, जैन ट्रस्ट, श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति एवं जैन श्री संघ सहित विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन समिति के प्रमुखों ने समस्त श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है। कार्यक्रम की शुरुआत 29 मार्च (रविवार) को संध्या 7:30 बजे जैन भवन सेक्टर-6 में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से होगी। इसमें जैन मिलन, जैन महिला क्लब एवं महिला मंडल द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी तथा जैन श्री संघ द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया जाएगा। 30 मार्च को प्रातः 7:30 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें भगवान महावीर स्वामी को रथ में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाएगा। इसके पश्चात त्रिवेणी जैन तीर्थ में मंगल अभिषेक, शांति धारा एवं पूज्य 105 सेलमति माताजी एवं 105 अदूरमती माताजी के सानिध्य में मंगल प्रवचन का आयोजन होगा। 31 मार्च को प्रातः 8:00 बजे ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इसके बाद बैंड-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गों से होकर पुनः त्रिवेणी जैन तीर्थ पहुंचेगी। यहां अभिषेक एवं शांति धारा के पश्चात णमोकार महामंत्र द्वारा सेल्फमेडिटेशन तथा वात्सल्य भोज का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन जैन भवन सेक्टर-6 में प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

# स्वदेशी अपनाने से देश की अर्थव्यवस्था होगी मजबूत : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

## कवर्धा विधायक ने स्थानीय पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित स्वदेशी मेला का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 29 मार्च।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने स्थानीय पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित भव्य स्वदेशी मेला का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी मेला स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों ने स्वदेशी मेला में लगे प्रदर्शनी एवं विक्रय स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर स्थानीय उत्पादों की जानकारी ली और उनके निर्माण एवं विशेषताओं के बारे में विस्तार से जाना। 27 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित इस मेले में स्वदेशी वस्तुओं के कई स्टॉल लगाए गए हैं, जहां स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय किया जा रहा है। भारतीय विपणन विकास केंद्र स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की इकाई द्वारा आयोजित यह मेला स्थानीय प्रतिभाओं और स्वदेशी उत्पादों को मंच प्रदान कर रहा है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मेले में लगे सभी स्टॉल भारत में



निर्मित उत्पादों के हैं, जो स्वदेशी भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि देश की बड़ी जनसंख्या के अनुसार हमारा बाजार भी बहुत बड़ा है और यदि हम अपने ही बाजार का सही उपयोग करें, तो अपनी आर्थिक स्थिति के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य केवल सरकार के माध्यम से नहीं, बल्कि समाज के माध्यम से संभव है। समाज एक बहुत बड़ी ताकत है और यदि समाज के लोगों में स्वदेशी अपनाने का भाव जागृत हो जाए, तो बड़े परिवर्तन संभव हैं। उपमुख्यमंत्री ने जापान जैसे देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां के लोग अपने ही देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करते हैं, जिससे उनकी अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। इसी प्रकार हमें भी स्वदेशी को अपनाते हुए देश में निर्मित उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि स्वदेशी का अर्थ है कि किसी भी उत्पाद में भारत के नागरिक का श्रम और पसीना शामिल हो। ऐसे आयोजनों से स्वदेशी के प्रति जागरूकता बढ़ती है और इसका महत्व और अधिक बढ़ जाता है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. सियाराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, पुलिस प्राधिकरण जवाबदेही के सदस्य भगत पटेल, जिला पंचायत सभापति राम कुमार भट्ट, जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, पूर्व जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीराम साहू, मेला प्रमुख मार्गदर्शक सुब्रत चाकी, संयोजक डॉ अतुल जैन, सह संयोजक अमित बरडिया, संदीप अग्रवाल, शेखर बख्सी, राघव साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।मेला के शुभारंभ अवसर पर बॉलीवुड फेम सिंगर ऐश्वर्या पंडित ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने हिंदी गीतों की मधुर प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। है।

# सांसद ने गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीज के इलाज के लिए दिलाई तीन लाख की वित्तीय सहायता



**■ मरीज के परिजनों ने सांसद संतोष पांडेय का जताया आभार**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 29 मार्च।** क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता दिखाते हुए गंभीर बीमारी से ग्रसित एक मरीज के ईलाज हेतु तीन लाख रुपए की वित्तीय सहायता दिलाई है।

कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम झलका के निवासी दिनेश मोहले की एक किडनी खराब हो गयी है। इनका उपचार बालाजी हॉस्पिटल रायपुर में चल रहा है। चिकित्सक द्वारा किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दिया गया है। ये आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है। इन्होंने क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय से मुलाक़ात कर अपनी समस्या से अवगत कराया और ईलाज हेतु सहायता की गुहार लगाई। सांसद संतोष पांडेय ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए दिनांक 14 फरवरी 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मरीज दिनेश मोहले के किडनी ट्रांसप्लांट कराने हेतु प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया था। इसके बाद उक्त मरीज के ईलाज हेतु प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से तीन लाख रुपए की की वित्तीय सहायता प्रदान की है। इस राशि से मरीज के ईलाज में सहायता मिलेगी। इससे पहले भी सांसद पांडेय कई मरीजों के ईलाज हेतु वित्तीय सहायता दिला चुके हैं। मरीज के परिजनों ने उक्त सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सांसद संतोष पांडेय का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

# सिंटर प्लांट की मशीन में नोडुलाइज़र फ्लैप गेट व बायपास च्यूट की कमीशनिंग



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 29 मार्च।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 की मशीन-2 में नोडुलाइज़र बाय-पास च्यूट एवं फ्लैप गेट का 27 मार्च 2026 को सफलतापूर्वक कमीशनिंग एवं उद्घाटन किया गया। यह उपलब्धि संयंत्र के संचालन में लचीलापन, विश्वसनीयता एवं अनुरक्षण दक्षता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बी.के. बेहरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक कृष्ण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक एच.के. सचदेव, मुख्य महाप्रबंधक पी.के. सिंह तथा मुख्य महाप्रबंधक सजीव वर्गीस सहित संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस परियोजना का सफल क्रियान्वयन महाप्रबंधक आई.वी. रमण के नेतृत्व में किया गया। टीम में महाप्रबंधक ए.के. बेडेकर एवं आर.डी. शर्मा, उप महाप्रबंधक एम.यू. राव, सहायक महाप्रबंधक डी.के. गुप्ता एवं विकास पिपरानी, वरिष्ठ प्रबंधक ओम नमः शर्मा, जितेश एच. सहानी, विपिन मौर्य, अरुणेश शर्मा एवं राहुल सिंह का विशेष योगदान रहा। तकनीकी रूप से यह व्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि नोडुलाइज़र सिंटर मशीन के संचालन का प्रमुख उपकरण है। पूर्व में इसके अनुरक्षण के लिए पूरी मशीन को बंद करना पड़ता था, जिससे उत्पादन प्रभावित होता था। अब बाय-पास च्यूट एवं फ्लैप गेट की स्थापना के बाद नोडुलाइज़र का अनुरक्षण बिना पूरी मशीन बंद किए संभव हो सकेगा। नई प्रणाली लागू होने से किसी खराबी की स्थिति में पूरी सिंटर मशीन के ठप होने का जोखिम कम हो गया है और अब इसे सीमित समय के अल्पकालिक शटडाउन में नियंत्रित किया जा सकेगा। साथ ही, नोडुलाइज़र की कैपिटल रिपेयर भी स्वतंत्र रूप से की जा सकेगी, जिससे संसाधनों के बेहतर उपयोग एवं परिचालन दक्षता में सुधार होगा।

# साढ़े 13 किलो गांजा के सहित तस्कर गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 29 मार्च।** मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट भिलाई ने एक युवक को 13.5 किलो गांजा के साथ हिरासत में लिया है आरपीएफ भिलाई तीन टीआई मनीष कुमार के नेतृत्व में टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन भिलाई के स्टोर पारा स्थित रेलवे ब्रिज के नीचे युवक को पकड़ा। आरोपित ने अपना नाम (21) हाडा वनराज साबजी भाई निवासी राजकोट (गुजरात) बताया तलाशी लेने पर उसके बैग से सात पैकेट गांजा बरामद हुआ, जिसका कुल, वजन, 13.504 किलोग्राम है। बरामद सामग्री को सील कर आरोपित को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत गिरफ्तार किया गया इसके बाद आरोपी एवं जब्त मादक पदार्थ को अग्रिम कार्रवाई के लिए भिलाई तीन जीआरपी पुलिस थाने को सुपुर्द किया गया।



# अर्थ ऑवर डे पर ऊर्जा संरक्षण के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 29 मार्च।** अर्थ ऑवर डे के अवसर पर ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा को लेकर जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज विश्व जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में अर्थ ऑवर डे केवल प्रतीकात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-आंदोलन बन चुका है, जो लोगों को ऊर्जा बचाने और पर्यावरण संरक्षण के



लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने बताया कि बिजली उत्पादन में मुख्यतः कोयला व पेट्रोलियम जैसे जीवाश्म ईंधनों का उपयोग होता है, जिससे कार्बन उत्सर्जन बढ़ता है और पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। ऐसे में अनावश्यक बिजली की बचत से प्रदूषण में कमी लाई जा सकती है और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों और ऊर्जा संसाधनों पर बढ़ते दबाव का उल्लेख करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण आज केवल विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन गया है। इससे न केवल पर्यावरण की रक्षा होती है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए संसाधनों का संरक्षण भी सुनिश्चित होता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को बिजली बचाओ, पर्यावरण बचाओ का संकल्प दिलाया गया तथा जन-जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एसएमएस-2 में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत व्यापक सफाई अभियान चलाया

# स्वच्छता को दैनिक कार्य संस्कृति का हिस्सा बनाना आवश्यक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 29 मार्च।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 विभाग में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 28 मार्च को व्यापक स्वच्छता अभियान एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पखवाड़ा 16 से 31 मार्च तक मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक एस.के. घोषाल, महाप्रबंधक एस.के. देबसिकदर, सौरभ जैन, विभागीय सुरक्षा अधिकारी बिनितोष बाला, एस.पी. द्विवेदी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ठेका श्रमिकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर अधिकारियों



ने अपने संबोधन में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता को केवल अभियान न मानकर दैनिक कार्य संस्कृति का हिस्सा बनाना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित कार्य स्थल न केवल उत्पादकता बढ़ाता है, बल्कि औद्योगिक सुरक्षा मानकों को भी मजबूत करता है। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित जनों को स्वच्छता बनाए रखने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। इसके बाद एसएमएस-2 परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजन में मानव संसाधन विभाग की ओर से उप प्रबंधक सिकन्दर इंदोरिया एवं अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी रविन्द्र कुमार ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

### डिजिटल गवर्नेंस वर्कशॉप में शामिल होंगे विधायक रिकेश सेन

**भिलाई, 29 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनप्रतिनिधियों को डिजिटल संचार के आधुनिक तरीकों और गवर्नेंस टूल्स से सशक्त



बनाने के उद्देश्य से 30 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के पांच विधायकों का चयन किया गया है। इनमें वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन भी शामिल हैं। यह कार्यशाला नेशन फर्स्ट पॉलिसी रिसर्च सेंटर द्वारा एम्बेसडर होटल, नई दिल्ली में डिजिटल संचार और सार्वजनिक शासन उपकरणों के माध्यम से विधायी प्रभाव को बढ़ाना' विषय पर आयोजित की जा रही है। जानकारी के अनुसार, एनएफपीआरसी के चेयरमैन तरुण चुघ ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को पत्र लिखकर पांच विधायकों को कार्यशाला में आमंत्रित करने का अनुरोध किया था। इस कार्यशाला का उद्देश्य सांसदों और विधायकों को डिजिटल युग में जनता से प्रभावी संवाद स्थापित करने तथा सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आधुनिक उपकरणों की जानकारी देना है। इसमें सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के उपयोग, डिजिटल उपस्थिति मजबूत करने तथा एमएलएएलएडीएस फंड और दिशा समितियों के प्रभावी उपयोग जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# बकरा चोरी करने वाले पकड़े गए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 29 मार्च।** उतई थाना क्षेत्र के जोरातराई में बकरा चोरी का मामला सीसीटीवी फुटेज की मदद से सुलझाते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है आरोपियों ने चोरी कर बकरों को काटकर बेचने की बात स्वीकार की है प्राप्त जानकारी के अनुसार, बजरंग चौक निवासी बन्नी अली ने 25 मार्च को शिकायत दर्ज कराई कि 24 मार्च की शाम बकरों को घर में बांधने के बाद सुबह दो बकरे गायब मिले घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कुछ लोग दुपहिया वाहन से बकरा ले जाते दिखाई दिए शिकायत के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रुआबांधा क्षेत्र से मोहम्मद शफी (50) और ओमप्रकाश वर्मा (35) को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि बकरों को काटकर बेच दिया और प्राप्त रकम खर्च कर दी।

**एक नजर**

### आशीर्वाद भवन में 29 मार्च को होगा सामूहिक उपनयन संस्कार

**रायपुर 29 मार्च।** कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा कल 29 मार्च (रविवार) को बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में सर्व ब्राह्मण समाज के बटुकों के लिए 'सामूहिक उपनयन संस्कार' का आयोजन किया जा रहा है। समाज के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा एवं सचिव राज कुमार दीक्षित ने बताया कि यह संस्कार विद्वान आचार्यों के मार्गदर्शन में पूर्ण वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए हाल ही में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन समिति के सदस्यों को स्वागत, पूजन और अन्य मांगलिक कार्यों की अलग-अलग जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु श्री शशिकांत मिश्रा को संयोजक नियुक्त किया गया है। बैठक में अध्यक्ष श्री सुरेश मिश्रा, सचिव राज कुमार दीक्षित संरक्षक द्वय श्री गिरजा शंकर दीक्षित, श्री राज कुमार अवस्थी, श्री शशिकांत मिश्रा संयोजक उपनयन समिति, सह-संयोजक - प्रमोद कुमार मिश्रा, अनुराग पाण्डेय, श्री प्रकाश अवस्थी, श्री अशोक दीक्षित, श्री आशीष बाजपेयी, श्री लखन लाल बाजपेयी, श्रीमती गीता मिश्रा, श्रीमती अर्चना मिश्रा, श्रीमती अंजू पाण्डेय, श्रीमती स्वाति अवस्थी, श्रीमती रंजू त्रिवेदी, श्रीमती ममता त्रिवेदी, श्री सत्यदेव तिवारी, श्री राजेश त्रिवेदी, श्री प्रभात मिश्रा (जूनियर) सहित बटुकों के अभिभावक उपस्थित रहें।

### स्वदेशी अपनाने से मजबूत होगी देश की अर्थव्यवस्था: उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

**रायपुर, 29 मार्च।** उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा ने कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित भव्य स्वदेशी मेला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी मेला स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों ने स्वदेशी मेला में लगे प्रदर्शनी एवं विक्रय स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर स्थानीय उत्पादों की जानकारी ली और उनके निर्माण एवं विशेषताओं के बारे में विस्तार से जाना। 27 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित इस मेले में स्वदेशी वस्तुओं के कई स्टॉल लगाए गए हैं, जहां स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय किया जा रहा है। भारतीय विपणन विकास केंद्र स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की इकाई द्वारा आयोजित यह मेला स्थानीय प्रतिभाओं और स्वदेशी उत्पादों को मंच प्रदान कर रहा है।उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मेले में लगे सभी स्टॉल भारत में निर्मित उत्पादों के हैं, जो स्वदेशी भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि देश की बड़ी जनसंख्या के अनुसार हमारा बाजार भी बहुत बड़ा है और यदि हम अपने ही बाजार का सही उपयोग करें, तो अपनी आर्थिक स्थिति के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य केवल सरकार के माध्यम से नहीं, बल्कि समाज के माध्यम से संभव है। समाज एक बहुत बड़ी ताकत है और यदि समाज के लोगों में स्वदेशी अपनाने का भाव जागृत हो जाए, तो बड़े परिवर्तन संभव हैं। उपमुख्यमंत्री ने जापान जैसे देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां के लोग अपने ही देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करते हैं, जिससे उनकी अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। इसी प्रकार हमें भी स्वदेशी को अपनाते हुए देश में निर्मित उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि स्वदेशी का अर्थ है कि किसी भी उत्पाद में भारत के नागरिक का श्रम और पसीना शामिल हो। ऐसे आयोजनों से स्वदेशी के प्रति जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. सियाराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, श्री नितेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, पुलिस प्राधिकरण जवाबदेही के सदस्य श्री भगत पटेल, जिला पंचायत सभापति श्री राम कुमार भट्ट, जिला पंचायत सदस्य श्री वीरेंद्र साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री विदेशी राम धुर्वे, श्री मनीराम साहू, मेला प्रमुख मार्गदर्शक श्री सुब्रत चाकी, संयोजक डॉ अतुल जैन, सह संयोजक श्री अमित बरडिया, श्री संदीप अग्रवाल, श्री शेखर बख्सी, श्री राघव साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### पक्षी संरक्षण और आर्द्रभूमि पर विमर्श, पर्यावरण जागरूकता की नई पहल

**रायपुर, 29 मार्च।** वन एवं जलवायु परिवर्तन छत्तीसगढ़ वेटलैंड ऑथोरिटी तथा छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में बिलासपुर वनमंडल द्वारा वन चेतना केंद्र, सकरी में 'आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी एवं पक्षी संरक्षण' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल एवं प्रभावी आयोजन किया गया। आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी तंत्र का आधार हैं, जो जल शोधन, बाढ़ नियंत्रण और जैव विविधता, विशेषकर प्रवासी पक्षियों के लिए महत्वपूर्ण हैं। कार्यशाला में पर्यावरण संरक्षण, आर्द्रभूमियों के महत्व, जैव विविधता संवर्धन तथा पक्षी संरक्षण जैसे समसामयिक विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा गहन एवं सारगर्भित विमर्श किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के प्रथम रामसर साइट कोपरा जलाशय के महत्व, उसकी पारिस्थितिकीय विशिष्टताओं तथा संरक्षण की आवश्यकता पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया, जो राज्य के लिए गौरव एवं जैव विविधता संरक्षण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का शुभारंभ वनमंडलाधिकारी श्री नीरज यादव के स्वागत उद्बोधन में कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए आर्द्रभूमियों के संरक्षण को वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता बताया। इसके पश्चात मुख्य वन संरक्षक, बिलासपुर वन वृत्त श्री मनोज पांडे ने अपने प्रेरक संबोधन में आर्द्रभूमियों की पारिस्थितिकीय उपयोगिता, जैव विविधता संरक्षण में उनकी भूमिका तथा जलवायु संतुलन में उनके योगदान को विस्तारपूर्वक रेखांकित किया।

# पेट्रोल-डीजल दाम न बढ़ने से किसानों को होगा लाभ :विजेन्द्र सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**डोंगरगढ़ 29 मार्च।** प्रदेश किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रकल्प के प्रदेश संयोजक श्री विजेंद्र सिंह ठाकुर (कृषि शिक्षा एवं नवाचार) द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा पेट्रोल एवं डीज़ल पर उत्पाद शुल्क में की गई ऐतिहासिक कटौती का स्वागत करते हुए अपनी बात रखी गई।

उन्होंने कहा कि जब-जब देश ने किसी भी प्रकार की चुनौती का सामना किया है, तब-तब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने सशक्त नेतृत्व, दूरदर्शी सोच एवं निर्णायक क्षमता के माध्यम से देशवासियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की है। वर्तमान समय में वैश्विक परिस्थितियों के चलते बढ़ती महंगाई के बीच पेट्रोल और डीज़ल के दामों में राहत देना केंद्र सरकार का अत्यंत सराहनीय एवं जनहितकारी निर्णय है।

श्री ठाकुर ने कहा कि पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क को ?13 प्रति लीटर से घटाकर ?3 प्रति लीटर तथा डीज़ल पर ?10 प्रति लीटर से शून्य करना एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे सीधे तौर पर आम जनता, किसानों, परिवहन क्षेत्र एवं छोटे व्यवसायियों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे न केवल ईंधन की कीमतों में कमी आएगी, बल्कि परिवहन लागत घटने से आवश्यक वस्तुओं के दामों में भी स्थिरता आने की संभावना है, जिससे महंगाई पर नियंत्रण में सहायता मिलेगी।

उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि किसान वर्ग के लिए यह निर्णय अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा, क्योंकि कृषि कार्यों में डीज़ल का व्यापक उपयोग होता है। सिंचाई, ट्रैक्टर संचालन एवं फसल परिवहन में लागत घटने से किसानों की आय में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और खेती को अधिक लाभकारी बनाने की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण साबित होगा।

श्री ठाकुर ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जी का यह निर्णय पुनः सिद्ध करता है कि उनके लिए राष्ट्रहित एवं जनकल्याण सर्वोपरि है। केंद्र सरकार सदैव आम नागरिकों, किसानों एवं श्रमिक वर्ग की समस्याओं के समाधान हेतु प्रतिबद्ध रही है और यह निर्णय उसी प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है। अंत में उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जनहितकारी निर्णय देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ सामाजिक रूप से भी सुदृढ़ करते हैं। प्रदेश किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ इस निर्णय का हृदय से स्वागत करता है और विश्वास व्यक्त करता है कि आने वाले समय में भी केंद्र सरकार इसी प्रकार जनकल्याण के लिए कार्य करती रहेगी।

## अंतिम दिन अव्यवस्था व कमजोर पुलिसिंग से मीना बाजार को करना पड़ा बंद

# सोशल मीडिया इफेक्ट: अपेक्षा से कम रही नवरात्रि में भीड़, देवी दर्शन के लिए पहुंचे 9 लाख श्रद्धालु

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 29 मार्च।** चैत्र नवरात्र पर्व का समापन शुक्रवार देर रात नीचे मां बम्लेश्वरी मंदिर में ज्योति कलश विसर्जन के साथ संपन्न हुआ। इस बार पर्व में श्रद्धालुओं की संख्या अनुमान से कम रही। मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति और प्रशासन ने करीब 12 लाख दर्शनार्थियों के पहुंचने की उम्मीद जताई थी, लेकिन नौ दिनों में लगभग 9 लाख श्रद्धालु ही देवी दर्शन के लिए पहुंचे। पर्व के शुरुआती दिनों में अपेक्षित भीड़ नहीं दिखी। खासतौर पर पंचमी के दिन भी मंदिर में भक्तों का सैलाब नहीं उमड़ा, जो पिछले वर्षों की तुलना में अलग स्थिति रही। ट्रस्ट के अनुसार, सोशल मीडिया पर पुराने वीडियो को वर्तमान बताकर वायरल किए जाने से भीड़ को लेकर भ्रम की स्थिति बनी, जिसका असर श्रद्धालुओं की संख्या पर पड़ा। हालांकि, पंचमी के बाद स्थानीय मीडिया और जागरूक नागरिकों द्वारा वास्तविक स्थिति स्पष्ट किए जाने के बाद छठ से अष्टमी तक श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई। पहले पांच दिनों में जहां लगभग 4 लाख लोग पहुंचे, वहीं अंतिम चार दिनों में यह आंकड़ा 5 लाख से अधिक हो गया।




ऊपर मंदिर की माई ज्योत सुबह 4 बजें हुई विसर्जित- अष्टमी के अवसर पर गुरुवार सुबह 4 बजे ऊपर मंदिर में माई ज्योत का विसर्जन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सीपी मिश्रा और ट्रस्टी गौतम चोपड़ा द्वारा किया गया। वहीं, नीचे मंदिर में ज्योति कलश विसर्जन की प्रक्रिया शुक्रवार रात साढ़े 11 बजे शुरू हुई। इससे पहले ज्योत उठाने वाली महिलाओं के पारंपरिक विधि-विधान के तहत बाल खोलकर ओटी भरी गई। इसके बाद 901 ज्योति कलश सिर पर रखकर महिलाएं महावीर तालाब की ओर विसर्जन के लिए निकलीं। इस आकर्षक और भक्तिमय झांकी को देखने ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग देर रात तक मौजूद रहे।

थमी रही ट्रेनों की आवाजाही, 3 घंटे में पूरी हुई प्रक्रिया- शीतला मंदिर की ज्योतों के मिलन से पहले रेलवे ट्रैक पर सुरक्षा के मद्देनजर ट्रेनों की आवाजाही अस्थाई रूप से रोकी गई। इस दौरान रेलवे अधिकारी मौके पर तैनात रहे, जिससे करीब दो घंटे तक केवल मालगाड़ियों का संचालन प्रभावित हुआ। महावीर तालाब से नीचे मंदिर तक विसर्जन की पूरी प्रक्रिया रात 3 बजे तक चली।

इस दौरान नीचे मंदिर की 901, शीतला मंदिर की 61 और शहर के अन्य मंदिरों की ज्योतों का विसर्जन किया गया। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने लगातार आठवीं बार ज्योत उठाने की परंपरा निभाई। कमजोर पुलिसिंग से हावी रहे असामाजिक तत्व, मीना बाजार समय से पहलें करना पड़ा बंद- इधर, मेले में लगे मीना बाजार की व्यवस्था अंतिम दिन फिर सवालों के घेरे में रही। कमजोर पुलिसिंग के चलते आधी रात से पहले ही बाजार बंद करना पड़ा। शराब के नशे में धुत युवकों और असामाजिक तत्वों ने हंगामा किया, बिना टिकट झूलों में चढ़ गए और माहौल बिगाड़ दिया। जबकि बाजार में पुलिस बल की तैनाती थी, फिर भी स्थिति नियंत्रण में नहीं दिखी। रात करीब 12 बजे झूले बंद कर दिए गए, जिसके बाद दुकानदारों ने भी अपना सामान समेट लिया। कुछ पुलिसकर्मी वर्दी में अपने परिचितों को मुफ्त प्रवेश दिलाते भी नजर आए। यातायात व्यवस्था को लेकर लोगों में दिखी नाराजगी- वहीं, इस बार यातायात व्यवस्था को लेकर भी लोगों में नाराजगी देखी गई। दोपहिया वाहनों को नीचे मंदिर पार्किंग तक जाने की अनुमति नहीं दी गई।

अंडरब्रिज और टूरिस्ट लॉज के पास मुख्य मार्ग पर पुलिस और आईटीबीपी के जवानों ने सख्ती से रोक लगा दी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी इसका सामना करना पड़ा। वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद के. विनायक राव ने सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे को भी पहचान बताने के बावजूद रोका गया और काफी बहस के बाद ही उन्हें जाने दिया गया। वाहन पास होने के बावजूद स्थानीय लोगों को पैदल चलना पड़ा, जिससे शहरवासियों में नाराजगी स्पष्ट रूप से देखी गई।

## छन्नू लाल को मिला दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का लाभ




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,29 मार्च।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचने से आम जनमानस के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन दिखने लगा है। इसी कड़ी में जिले के ग्राम सकरी निवासी भूमिहीन मजदूर छन्नू लाल धीवर के लिए शासन की 'दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना' वरदान साबित हुई है। योजना का लाभ मिलने से उनके चेहरे खिल गए है। छन्नू लाल अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए टेलरिंग के काम के साथ-साथ मजदूरी पर निर्भर हैं। स्वयं की भूमि न होने के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाए रखना उनके लिए हमेशा एक बड़ी चुनौती रही है।इस विकट परिस्थिति में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने छन्नू लाल जैसे मेहनतकश लोगों का हाथ थामा है। बीते 25 मार्च को मुख्यमंत्री ने सीधे हस्तांतरण के माध्यम से योजना की ?10,000 की किश्त छन्नू लाल के बैंक खाते में जमा की। इस राशि के प्राप्त होने से छन्नू लाल को न केवल आर्थिक संबल मिला है, बल्कि इससे उनकी दैनिक जरूरतों और सिलाई के काम को आगे बढ़ाने में भी बड़ी सहायता प्राप्त हुई है। समय पर मिली इस बड़ी आर्थिक मदद से हर्षित होकर छन्नू लाल धीवर ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजना हम जैसे भूमिहीन परिवारों के लिए एक बड़ा सहारा है, जिससे हम सम्मानपूर्वक अपना जीवन व्यतीत कर पा रहे हैं।

## जिले में एलपीजी, डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 29 मार्च।** पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति को देखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले में एलपीजी, डीजल-पेट्रोल एवं अन्य सभी आवश्यक वस्तुओं की नियमित निगरानी एवं आपूर्ति वितरण व्यवस्था पर सतत् मॉनिटरिंग हेतु नियंत्रण कक्ष सहित नोडल अधिकारी एवं विकासखंड स्तर पर समिति का गठन किया गया है। नियंत्रण क्क्ष संयुक्त जिला कार्यालय स्थित संपर्क केन्द्र में संचालित होगा जिसका दूरभाष नंबर 9201899925 है। इस नंबर से शिकायत अथवा जानकारी के लिये संपर्क किया जा सकता है। नियंत्रण क्क्ष का नोडल अधिकारी सहायक खाद्य अधिकारी विजय को बनाया गया है न एवं नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में विकासखण्ड स्तर पर राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों की समिति गठित की गई है।विकासखंड बलौदाबाजार के लिये तहसीलदार निवेश कोरेटी मोबाइल नम्बर 91098-51754 एवं खाद्य निरीक्षक कमलनारायण साहू मोबाइल नम्बर 94255-26591, भाटापारा के लिये तहसीलदार यशवंत राज मोबाइल नम्बर 97701-17498 एवं सहायक खाद्य अधिकारी लक्ष्मण कश्यप मोबाइल नम्बर 94255-90790,विकासखंड पलारी के लिये तहसीलदार लीलाधर कंवर मोबाइल नम्बर 90091-72796 एवं खाद्य निरीक्षक कमलनारायण साहू, मोबाइल नम्बर 94255-26591,विकासखंड कसडोल के लिये तहसीलदार विवेक कुमार पटेल मोबाइल नम्बर 75099-54555 एवं खाद्य निरीक्षक शीतलेश कुमार,मोबाइल नम्बर 74893-73083 विकासखंड सिमगा के लिये तहसीलदार अनुराग भट्ट,मोबाइल नम्बर 91314-91165 खाद्य निरीक्षक गुलशन अनंत मोबाइल नम्बर 89640-36441 शामिल है। उपरोक्त गठित दल द्वारा जिले में घरेलू एलपीजी गैस एवं ऑयल की उपलब्धता एवं आपूर्ति तथा दैनिक आवश्यकता की समीक्षा करेंगे।साथ ही घरेलू गैस सिलेण्डर के व्यवसायिक उपयोग एवं अन्य दुरुपयोग के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही कर प्रति सप्ताह पालन प्रतिवेदन जिला कर्यालय (खाद्य शाखा) के माध्यम से उपलब्ध कराएंगे।

## जिले में ऑयल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता सीएम ने की अफवाहों से दूर रहने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 29 मार्च।** मध्य एशिया की वर्तमान स्थिति को देखते हुए प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों और एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क है। शनिवार को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संभागायुक्त, आईजी, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों से चर्चा कर जिलेवार स्थिति की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, इसलिए आम नागरिकों को किसी भी तरह से घबराने या किसी भी प्रकार की अफवाह या दुष्प्रचार से प्रभावित होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने अनावश्यक रूप से ईंधन या गैस का संग्रहण न करने की अपील भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों और एलपीज़ी को लेकर कोई अप्रिय स्थिति नहीं है लेकिन भविष्य के लिये सतर्कता जरुरी है। उन्होंने सतत मॉनिटरिंग करने और जमाखोरी व कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिये। वितरण केंद्रों में स्थापित किये जाएंगे सीसीटीवी कैमरे- एलपीज़ी की सुव्यवस्थित वितरण एवं मॉनिटरिंग हेतु जिले के सभी 20 वितरण केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा स्थापित कर उसका फीड जिला कंट्रोल रूम में देने के निर्देश जिला खाद्य अधिकारी को दिये गए। इसके साथ ही एलपीज़ी सिलेंडर ट्रक व टैंकर को परिवहन के दौरान किसी प्रकार की बाधा न हो यह भी सुनिश्चित कराने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया। एलपीजी उपभोक्ताओं को निर्धारित अंतराल के अनुसार ही रिफिल बुकिंग कराने की सलाह दी गई है। नगरीय क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन का अंतराल तय किया गया है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके।व्यावसायिक एलपीजी उपयोग को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आवश्यक सेवाओं जैसे अस्पताल और शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके साथ ही होटलों, रेस्टोरेंट और ढाबो को भी आपूर्ति किया जाएगा।बिना लाइसेंस 100 किलोग्राम से अधिक गैस भंडारण पर प्रतिबंध लगाया गया है। उपभोक्ताओं को दें सही जानकारी- प्रशासन ने सभी गैस एजेंसियों और उचित मूल्य दुकानों को निर्देश दिए हैं कि वे उपभोक्ताओं को सही जानकारी उपलब्ध कराएं और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करें। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों से दूर रहें और आवश्यक वस्तुओं का उपयोग जिम्मेदारी के साथ करें ताकि सभी को समान रूप से लाभ मिल सकें।जिला प्रशासन द्वारा मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हुए सकारात्मक और केवल तथ्यात्मक खबरों के प्रकाशन की अपील की है।

## डबल इंजन सरकार महंगाई बढ़ाकर जनता पर डाल रही बोझ: राजेंद्र सोनी

**राजनांदगांव 29 मार्च।** रसोई गैस की कीमतों में हुई ताजा बढ़ोतरी को लेकर आम आदमी पार्टी ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोनी भाई राजा ने कहा कि सरकार एक तरफ विकास और राहत के बड़े-बड़े दावे करती है वहीं दूसरी ओर लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता की जेब पर बोझ डाल रही है। रसोई गैस की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर आम आदमी पार्टी ने केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार पर निशाना साधा है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोनी भाई राजा ने बयान जारी कर कहा कि आज देश और प्रदेश की जनता महंगाई की मार से परेशान है लेकिन सरकार इस ओर ध्यान देने के बजाय केवल बड़े-बड़े दावे करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस के दाम बढ़ने से सबसे ज्यादा असर मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों पर पड़ रहा है। पहले ही खाद्य सामग्री, पेट्रोल-डीजल और रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की कीमतें आसमान छू रही हैं। ऐसे में गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर सरकार ने आम लोगों की रसोई का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। सरकार ने चुनाव के समय जनता को महंगाई कम करने और राहत देने का वादा किया था लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट नजर आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि डबल इंजन सरकार की नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है और इसका सीधा असर गरीब तथा मध्यम वर्ग के परिवारों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पहले जिन योजनाओं के तहत गैस सिलेंडर सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने की बात कही जाती थी आज वही सिलेंडर आम लोगों की पहुंच से दूर होता जा रहा है।



## तलवार लहराकर जान से मारने की धमकी देने वाले को किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 29 मार्च।** दिनांक 27.03.2026 को प्रार्थी परमेश्वर धृतलहरे निवासी ग्राम धाराशिव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 27.03.2026 के दोपहर 02:00 बजे लगभग आरोपी पड़ोसी धुरसिंह द्वारा पूर्व से चले आ रहे आपसी रंजिश के कारण अपने हाथ में एक पुराना तलवार लेकर प्रार्थी के घर के सामने आकर, अश्लील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दिया गया, जिससे प्रार्थी एवं उसका पूरा परिवार डर गया। कि रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्र. 95/2026 धारा 296,351(3) बीएनएस 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना लवन पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा पुरानी रंजीश पर से तलवार लेकर प्रार्थी के घर के सामने जाकर, जान से मारने की धमकी देते हुए उसे डराना धमकाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 28.03.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



## दीपोत्सव से जगमगाया केसर नगर चौक

# रामनवमी पर संत सुंदरदास महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 29 मार्च।** रामनवमी एवं संत शिरोमणि 1008 संत सुंदरदास जी महाराज की जयंती के पावन अवसर पर केसर नगर स्थित सुंदरदास महाराज मार्ग के चौक में भव्य आयोजन किया गया। समाजसेवी अमित खण्डेलवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंग दिया। दीपोत्सव और महाआरती के साथ पूरा चौक हजारों दीपों की रोशनी से जगमगा उठा जिससे वातावरण अत्यंत आध्यात्मिक और मनमोहक बन गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे अमित टीना खण्डेलवाल द्वारा अपने परिवार सहित संत सुंदरदास जी महाराज की पूजा-अर्चना और माल्यार्पण से हुई। इसके पश्चात सुबह 10 बजे खण्डेलवाल युवा कल्याण संगठन के अध्यक्ष अर्पण खण्डेलवाल, चिराग खण्डेलवाल, अंकित खण्डेलवाल एवं पराग खण्डेलवाल सहित युवा पदाधिकारियों ने श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण किया। सुबह 11:30 बजे खण्डेलवाल समाज के अध्यक्ष राजेश खण्डेलवाल, दिनेश खण्डेलवाल, अरुण खण्डेलवाल, दिलीप खण्डेलवाल सहित समाज के अन्य सदस्यों ने पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर समाज की महिलाओं में साधना खण्डेलवाल, दीपा खण्डेलवाल, संगीता खण्डेलवाल सहित वैश्य समाज की महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और आरती कर अपनी श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रजापति ब्रह्माकुमारी संस्थान राजनांदगांव की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहनजी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी रम्भा बहनजी, ब्रह्माकुमार मुरलीधर सोमानी, द्वारिका भाई, सुरेश पाल भाई, लक्ष्मीकांत भाई एवं दीपक शर्मा भाई की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में राजू डागा (महाकाल भक्त), अशोक पांडे सहपरिवार सहित उपस्थित रहे। साथ ही समाजसेवी शारदा तिवारी, टीना खण्डेलवाल, सरला खण्डेलवाल, नीना खण्डेलवाल, सुनील पाबूवाल, महेश खण्डेलवाल, कुशल खण्डेलवाल, कृष्णा, आदित्य, रीतिशा खण्डेलवाल, राजकुमार शर्मा, राजेश शर्मा, सुमित शर्मा, संतोष पटाक, दिगेश भीमजियानी, निलेश श्रीवास्तव, ओमप्रकाश लड्ढा, तथागत पाण्डे एवं प्रवीण गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक अपने परिवारों के साथ उपस्थित रहे। केसर नगर एवं पटेल नगर कॉलोनी के निवासियों ने भी इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लेकर इसे भव्य रूप प्रदान किया। शनि मंदिर के प्रमुख राकेश ठाकुर, संस्कार ठाकुर एवं उनकी टीम ने दीप प्रज्वलन एवं अन्य व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण सहयोग दिया, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समूचा आयोजन भक्ति, एकता और सामाजिक समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण बना जिसने क्षेत्रवासियों के बीच आध्यात्मिक ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

## संपादकीय

# ओवैशी और हुमायूं का गठबंधन,ममता को टेंशन


पं. बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए तारीख की घोषणा के बाद राजनीतिक दलों के बीच प्रत्याशी घोषित करने का सिलसिला जारी है। भाजपा व टीएमसी ने अपने ज्यादातर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। कांग्रेस इस बार यहां से अकेले चुनाव लड़ने वाली है तो वाममोर्चा भी यहां अकेले ताकत आजमाने जा रहा है। अब तक कांग्रेस व वाममोर्चा यहां से मिलकर चुनाव लड़ते थे ताकि वोटों का बंटवारा न हो और दोनों ज्यादा सीटें जीत सकें लेकिन इससे दोनों को कोई फायदा नहीं हुआ तो इस बार दोनों ने अकेले अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। यह नई बात है इसके अलावा दूसरी नई बात यह है कि ओवैशी व हुमायूं कबीर ने यहां से चुनाव मिलकर लड़ने का फैसला किया है। ओवैशी की पार्टी हर उस राज्य में कुछ सीटों पर चुनाव लड़ती है जहां मुसलमानों की संख्या ज्यादा होती है। पं.बंगाल में मुसलमानों की 30 प्रतिशत से ज्यादा है और यहां के चुनाव मे सरकार भी उसी दल की बनती हैं जिसको मुसलमान वोट देते हैं। पं. बंगाल में मुसलमान जो पार्टी सरकार बनाती है, उसी को एकमुश्त वोट देती है,ऐसा भी कह सकते हैं जिस पार्टी को मुसलमान वोट देते हैं, सरकार भी उसी पार्टी की बनती है। जब पहले यहां मुसलमान कांग्रेस को वोट देते थे तो कांग्रेस की सरकार बनती थी, उसके बाद वाममोर्चा को वोट देते थे तो कई दशक तक बंगाल में वाममोर्चा की सरकार बनती रही। उसके बाद पिछले एक दशक से ज्यादा हो गया यहां मुसलमान टीएमसी को वोट दे रहे हैं तो यहां तीन बार टीएमसी की सरकार बनी है तथा ममता यहां से चौथी बार जीतकर सरकार बनाने का दावा कर रही है। ममता का दावा इस बार पहले की तरह मजबूत नहीं माना जा रहा है क्योंकि इस बार के चुनाव में बहुत कुछ बदला हुआ है।ममता ने कई राजनीतिक गलतियां की हैं। ममता के खिलाफ लोगों में नाराजगी बढ़ी है। राजनीति में माना तो यही जाता है कि किसी सरकार को सत्ता में 15 साल हो जाते हैं तो जनता में स्वाभाविक रूप से उसे लेकर नाराजगी होती है और जनता बदलाव चाहती है और बदल भी देती है, पं.बंगाल में जनता ऐसा कई बार कर चुकी है। जनता ने ही तो यहां कांग्रेस को बदला है, वाममोर्चा को बदला है अब टीएमसी को बदलने की बारी है। ममता के लिए सबसे ज्यादा परेशानी की बात यह है कि उसे सत्ता में लाने के लिए मजबूती से भूमिका निबाहने वाले मुसलमान इस बार उससे नाराज हैं।टीएमसी के ही मुसलमान नेता हुमायूं कबीर को उन्होंने पार्टी से निकाल दिया है और वह आम जनता उन्न्यन पार्टी बनाकर चुनाव लड़ रहे है, वह अकेले चुनाव लड़ते तो भी टीएमसी को नुकसान पहुंचाते, वह ओवैशी के साथ गठबंधन कर इस बार चुनाव मैदान में है। इस नए राजनीतिक समीकरण से माना जा रहा है कि इस बार ममता को मुसलमानों को जितना वोट मिला करता था, उनता वोट शायद ही मिले क्योंकि ओवेशी व हुमायूं मिलकर ममता के वोट बैंक में ही सेंध लगाएंगे।एसआईआर के चलते वैसे ही ममता के वोट बैंक को काफी नुकसान पहुंचा है। यानी एसआईआर व मुसलमानो की नाराजगी से ममता को इस बार सबसे ज्यादा नुकसान होने जा रहा है तो इसका फायदा स्वाभाविक रूप से भाजपा को होगा। यानी जनता अगर बदलाव चाहती है तो उसके सामने विकल्प के रूप में तो भाजपा ही है।

### अपने प्रभुत्व या दबदबे को क़ायम रखने के लिये अमेरिका भी अन्य देशों के बीच 'बांटो और राज करो' का खेल खेलता आ रहा

# ट्रंप की हठधर्मिता से धराशायी हुई वैश्विक अमेरिकी प्रभुत्व की धारणा

**विश्लेषण**

**तनवीर जाफ़री**



निःसंदेह संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व के सर्वशक्ति शाली देशों में अपना सर्वोच्च स्थान रखता है। यही वजह है कि दुनिया के अधिकांश देश 'सर्वशक्तिमान अमेरिका' से अपने मधुर सम्बन्ध बनाये रखना ही बेहतर समझते हैं। अपने प्रभुत्व या दबदबे को क़ायम रखने के लिये अमेरिका भी अन्य देशों के बीच 'बांटो और राज करो' का खेल खेलता आ रहा है। इसी घिनौने खेल के तहत वह दुनिया के लगभग 57 इस्लामिक देशों में शिया सुन्नी मतभेद को हवा देता रहता है। और इसी प्रोपेगेंडा की आड़ में अमेरिका कई इस्लामिक देशों में सामरिक महत्व के अनेक अड्डे संचालित कर रहा है। विदेश संबंध परिषद के अनुसार अमेरिका इस क्षेत्र में कम से कम 19 देशों पर स्थायी और अस्थायी दोनों तरह के सैन्य ठिकानों का एक व्यापक नेटवर्क संचालित करता है। इनमें बहरीन, मिस्र, इराक़, जॉर्डन, कुवैत, क़तर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित आठ स्थाई सैन्य अड्डे भी शामिल हैं। अधिकांश इस्लामिक देशों में सैन्य अड्डे संचालित करने के बदले अमेरिका को वहाँ की सरकारों से भारी धन भी मिलता है। उदाहरण के तौर पर सऊदी अरब जैसा इस्लामिक देश अमेरिका को अपने यहां तैनात अमेरिकी सैनिकों के ख़र्च को आंशिक तौर पर उठाने के बदले में लगभग 500 मिलियन डॉलर देता आ रहा है। अमेरिका और मेज़बान देश आमतौर पर स्टेटस ऑफ़ फ़ोर्सेज़ एग्रीमेंट और अन्य रक्षा समझौतों के तहत तय करते हैं कि कौन कितना ख़र्च उठाएगा। इन देशों को भी अमेरिकी संरक्षण, हथियारों की बिक्री, प्रशिक्षण, रक्षा गठबंधन और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ने के रूप में लाभ होता है, जिसके बदले वे अमेरिकी सैनिकों के ख़र्च या उपयोग के लिए कुछ न कुछ भुगतान या संसाधन देते हैं। अमेरिका दशकों से इसी नीति पर चलते हुये अनेक तेल उत्पादक इस्लामिक देशों से अपनी आवश्यकतानुसार तेल लेता है साथ ही इनकी सुरक्षा के नाम पर इन्हें हथियार भी बेचता है। कुल मिलकर इस प्रपंच के पीछे वह इन देशों को यही सन्देश देता आ रहा है कि - 'अमेरिका ही तुम्हारा रक्षक है अन्यथा ईरान जैसा देश मध्य एशिया के खाड़ी देशों को निगल जायेगा'।

परन्तु गत 28 फ़रवरी से अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपे गये युद्ध के बाद ईरान ने 'स्वयंभू महाबली अमेरिका ' को जिसतरह उसकी औक़ात दिखाई है उसने अमेरिका व इस्राईल सहित स्वयं को अमेरिकी सैन्य ठिकानों के बल पर सुरक्षित रहने की दशकों से ग़लत धारणा पाले बैठे इस्लामिक देशों को भी बहुत कुछ सोचने पर मजबूर कर दिया है। ईरान ने जिन लगभग 8 मुस्लिम देशों पर हमले किए इनमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, क़तर, बहरीन, जॉर्डन व इराक़ जैसे देशों के नाम शामिल हैं। इन ईरानी हमलों में असली निशाना खाड़ी देशों में फैले अमेरिकी सैन्य ठिकाने थे, न कि इन देशों के ÷सार्वभौमिक इलाक़े। इन हमलों से अमेरिका की रडार, संचार-सिस्टम,थाड एंटी-मिसाइल रडार, हैंगर, रिफ्युलिंग विमान और ढांचा जैसे संवेदनशील टार्गेट पर निशाने साधे जिससे अमेरिकी सैन्य संचालन की क्षमता कहीं घटी तो कहीं बिल्कुल ही समाप्त हो गयी। इन्हीं ईरानी हमलों के बाद अमेरिका को अपना रक्षक समझने वाले खाड़ी के इस्लामिक देशों को यह सोचने पर मजबूर होना पड़ा कि जब अमेरिका ख़ुद अपने सैन्य ठिकानों की हिफ़ाज़त नहीं कर सका तो वह दूसरे देशों की रक्षा कैसे करेगा ? इन्हीं हालात ने इस्लामिक देशों को यह सोचने के लिये भी मजबूर किया है कि अमेरिका पर सुरक्षा हेतु निर्भर रहने से बेहतर है इस्लामिक देशों के परस्पर मधुर संबंध बनाना। और साथ ही इनमें से कई इस्लामिक देशों ने अमेरिका व इस्राईल द्वारा खड़े किये गये शिया-सुन्नी मतभेद के पीछे की चाल को भी पहचान लिया है। इसीलिये पूर्णतयः अमेरिकी अनुकम्पा पर आश्रित रहने वाले चंद पिछलग्गू देशों के सिवा अधिकांश देशों ने अमेरिका से फ़ासला बनाकर रखने का मन बना लिया है।




ट्रंप ने इस्राईल के दबाव अथवा बहकावे में आकर अपने ज़िद्दीपन के चलते ही ईरान विरोधी सैन्य अभियान में शामिल होने जैसा जो घातक फ़ैसला किया है उससे दुनिया के अनेक देश ही ख़िलाफ़ नहीं बल्कि अमेरिका में घरेलू स्तर पर भी काफ़ी विरोध के स्वर बुलंद हुये हैं। गत दिनों किये गये अनेक सर्वेक्षणों में लगभग 50 से 60 प्रतिशत तक अमेरिकियों ने ईरान के ख़िलाफ़ जारी सैन्य हमलों का विरोध किया है या ट्रंप के इस निर्णय से अपनी असहमति जताई है। कई सर्वेक्षणों में तो इन्हें 'अत्यधिक हस्तक्षेप' या अनावश्यक युद्ध तक की संज्ञा भी दी गयी है।

ट्रंप ने इस्राईल के दबाव अथवा बहकावे में आकर अपने ज़िद्दीपन के चलते ही ईरान विरोधी सैन्य अभियान में शामिल होने जैसा जो घातक फ़ैसला किया है उससे दुनिया के अनेक देश ही ख़िलाफ़ नहीं बल्कि अमेरिका में घरेलू स्तर पर भी काफ़ी विरोध के स्वर बुलंद हुये हैं। गत दिनों किये गये अनेक सर्वेक्षणों में लगभग 50 से 60 प्रतिशत तक अमेरिकियों ने ईरान के ख़िलाफ़ जारी सैन्य हमलों का विरोध किया है या ट्रंप के इस निर्णय से अपनी असहमति जताई है। कई सर्वेक्षणों में तो इन्हें ÷अत्यधिक हस्तक्षेप÷ या अनावश्यक युद्ध तक की संज्ञा भी दी गयी है। डेमोक्रेट पार्टी के विशेष जनसमूह और कई उदारवादी व प्रगतिशील संगठनों ने ट्रंप की ऐसी नीतियों के ख़िलाफ़ प्रदर्शन किये ऑनलाइन अभियान चलाये और कांग्रेस में प्रस्ताव लाकर इसका विरोध भी किया है। कांग्रेस में डेमोक्रेट नेता टिम केन द्वारा रिपब्लिकन रेंड पॉल के साथ एक द्विदलीय ÷वार पावर रेज़ोल्यूशन÷ भी लाया गया जिसका उद्देश्य ट्रंप को ईरान के ख़िलाफ़ हथियारबंद अभियान सीमित करने के लिए बाध्य करना था। हालांकि यह प्रस्ताव खारिज ज़रूर हो गया, परन्तु इसके द्वारा अमेरिका में ही ट्रंप की नीतियों का औपचारिक विरोध ज़रूर उजागर हुआ। कई प्रमुख अमेरिकी मीडिया और विदेश नीति विशेषज्ञों ने ईरान में युद्ध को ग़लत अमेरिकी रणनीति बताया और इसे ÷इस्राईल के दबाव÷ में घसीटा गया युद्ध और अमेरिकी संसाधनों के व्यर्थ बर्बादी के रूप में वर्णित किया गया है । ट्रंप की नीतियों का यह विरोध इस स्तर तक पहुँच गया कि अमेरिकी राष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी केंद्र के निदेशक जोसेफ़ केंट ने ईरान के साथ जारी युद्ध के विरोध में अपने पद से इस्तीफ़ा तक दे दिया। अपने इस्तीफ़े के पत्र में जोसेफ़केंट ने स्पष्ट लिखा कि ईरान से अमेरिका को ÷कोई तत्काल ख़तरा÷ नहीं था और यह युद्ध इस्राईल और उसकी अमेरिकी लॉबी के दबाव में शुरू किया गया है, इसलिए वे इसका समर्थन नहीं कर सकते। ट्रंप प्रशासन के भीतर कुछ राष्ट्रीय सुरक्षा और ख़ुफ़िया विभाग के अधिकारियों में भी ईरान युद्ध के विरुद्ध असंतोष और ÷मौन विरोध÷ है।

कहना ग़लत नहीं होगा कि राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकी इतिहास के अब तक के सबसे पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं जिन्होंने अपने बड़बोलेपन,घातक व अगंभीर निर्णयों से अमेरिका की छवि को गहरा धक्का पहुँचाया है। जब जिस देश पर चाहे मनमाना टेरिफ़लगाकर अन्य देशों को विचलित करना,कभी कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बता देना,कभी वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरै व उनकी पत्नी का जबरन अपहरण कर लेना कभी ग्रीन लैंड पर क़ब्ज़े की बात करना कभी क्यूबा पर हमला करने की बातें कर दूसरे देशों की संप्रभुता को ठेंगा दिखाना तो कभी ईरान युद्ध को लेकर बुरी तरह फंसने के बाद युद्ध से बाहर निकलने के लिये तरह तरह के झूठ बोलना व बहाने तलाशना और सोने पर सुहागा यह कि एप्सटीन फ़ाइल्स में ट्रंप जैसों का नाम आने के बाद इनकी बौखलाहट का और अधिक बढ़ जाना इस नतीजे पर पहुँचने के लिये काफ़ी है कि ट्रंप की हठधर्मिता ने अमेरिकी प्रभुत्व की वैश्विक धारणा को पूरी तरह धराशाई कर दिया है।

# युद्ध की हिंसा, उन्माद से त्रासदी झेलता आम आदमी

**चिंतन**

**संजीव ठाकुर**



युद्ध का उन्माद मानव सभ्यता के इतिहास का सबसे त्रासद अध्याय रहा है, जहाँ शक्ति, प्रभुत्व और स्वार्थ की अंधी दौड़ में मनुष्य अपने ही अस्तित्व को दांव पर लगा देता है। जब राष्ट्रवाद की आग विवेक पर भारी पड़ती है, तब युद्ध केवल सीमाओं का संघर्ष नहीं रह जाता, वह मनुष्यता के मूल्यों का भी विध्वंस बन जाता है। युद्ध चाहे किसी भी काल में हुआ हो, उसका परिणाम सदैव एक-सा ही रहा है विनाश, पीड़ा और पश्चाताप। दो विश्व युद्धों की विभीषिका ने यह स्पष्ट कर दिया कि हिंसा से किसी भी समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है, बल्कि यह नई समस्याओं और घावों को जन्म देती है।

युद्ध के मैदान में केवल सैनिक ही नहीं मरते, बल्कि उनके साथ असंख्य निर्दोष नागरिक भी अपनी जान गंवाते हैं, जिनका उस संघर्ष से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं होता। उनके सपने, उनकी आशाएँ और उनका भविष्य सब कुछ एक पल में राख हो जाता है। जब कोई माँ अपने बेटे को खोती है, जब कोई बच्चा अपने पिता की लाश देखता है, तब राष्ट्र की जीत का कोई अर्थ नहीं रह जाता, केवल एक गहरी शून्यता और असहनीय पीड़ा शेष रह जाती है। यही वह क्षण होता है जब मनुष्य को आत्मज्ञान का बोध होता है कि उसने क्या खो दिया और किस कीमत पर। युद्ध का वास्तविक चेहरा तब सामने आता है जब शहरों के खंडहर, जली हुई फसलें, उजड़े हुए घर और रोते हुए लोग उसकी गवाही देते हैं। आधुनिक समय में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है, चाहे वह रूस-यूक्रेन का संघर्ष हो, इजरायल-फिलिस्तीन का विवाद हो या अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव हर जगह एक समान पीड़ा और विनाश का दृश्य देखने को मिलता है।

इन संघर्षों में सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों के निर्णयों का भार आम नागरिकों को उठाना पड़ता है, जो अपनी जान देकर उन महत्वाकांक्षाओं को पूरा करते हैं जिनसे उनका कोई लेना-देना नहीं होता। युद्ध केवल मानव जीवन को ही नहीं, बल्कि आर्थिक व्यवस्था को भी गहरे संकट में डाल देता है। उद्योग धंधे ठप हो जाते हैं, महंगाई आसमान छूने लगती है, बेरोजगारी बढ़ती है और विकास की गति रुक जाती है। एक देश को वर्षों पीछे धकेल देने वाला यह विनाश केवल भौतिक नहीं होता, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी गहरा असर छोड़ता है। युद्ध के बाद बचता है तो केवल एक टूटा हुआ समाज, जिसमें अविश्वास, भय और असुरक्षा की भावना घर कर जाती है। यही कारण है कि इतिहास हमें बार-बार यह सिखाने का प्रयास करता है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि यह समस्याओं को और जटिल बना देता है। आत्मज्ञानी व्यक्ति और संवेदनशील समाज इस सत्य को समझते हैं कि शांति ही वह मार्ग है जो मानवता को आगे बढ़ा सकता है।

युद्ध के बाद जब धूल बैठती है और लोग अपने खोए हुए प्रियजनों की याद में रोते हैं, तब उन्हें यह अहसास होता है कि उन्होंने क्या खोया है और क्या पाया है। उस समय कोई भी जीत सार्थक नहीं लगती, क्योंकि जीत की कीमत बहुत अधिक होती है। युद्ध की राख से उठने वाली यह चेतना ही आत्मज्ञान का वास्तविक रूप है, जो हमें यह समझाती है कि हिंसा और घृणा के मार्ग पर चलकर हम केवल विनाश ही प्राप्त कर सकते हैं। यदि मानवता को बचाना है, तो हमें संवाद, सहिष्णुता और प्रेम का मार्ग अपनाना होगा। युद्ध का उन्माद क्षणिक हो सकता है, लेकिन उसके परिणाम पीढ़ियों तक महसूस किए जाते हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम इतिहास से सीख लें और भविष्य को बेहतर बनाने के लिए शांति का मार्ग चुनें, क्योंकि अंततः वही मार्ग हमें सच्चे अर्थों में मानव बनाता है।

## राशिफल

**मेषः** मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लेकर आने वाला है। आज विद्यार्थियों को कुछ नया क्रिएटिव करने का मौका मिलेगा। आज के दिन अपने व्यक्तित्व और स्वभाव में लाया गया परिवर्तन आने वाले कल के लिए बेहतरीन रहेगा।

**वृषः** वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। सामाजिक तथा पारिवारिक लोगों की तरफ से विशेष मान-सम्मान मिलेगा। यह समय रुकी हुई पेमेंट को कलेक्ट करने तथा आर्थिक स्थितियों को मजबूत करने के लिए उत्तम है।

**मिथुनः** मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज का समय उपलब्धियों वाला है। आज अपनी पूरी मेहनत व ऊर्जा अपने कार्यों के प्रति लगाएंगे। आज आपको ध्यान रखना होगा कि किसी व्यवसायी के साथ लड़ाई-झगड़े जैसी स्थिति उत्पन्न न हो इसलिए अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें।

**कर्कः** कर्क राशि वालों आज आप खुशियों से भरे दिन की शुरुआत करने वाले हैं। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ेगी। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका योगदान होने से आपका मान-सम्मान भी बढ़ेगा।

**सिंहः** सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी अपरिचित व्यक्ति से ज्यादा घुलने-मिलने से बचने का प्रयास करें। कभी-कभी बहुत ज्यादा आत्म केंद्रित होना और ईगो की भावना रखने से आपसी संबंधों में मतभेद हो सकते हैं इसलिए आज आपको अपने स्वभाव में बदलाव करना जरूरी होगा।

**कन्याः** कन्या राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएगा और आपका रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहना दूसरों के बीच आकर्षण का केंद्र बनेगा। आज किसी अटके हुए काम को पूरा करने के लिए उचित समय है।

**तुलाः** तुला राशि वालों आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए नई योजना बनाएंगे, योजना भविष्य में कारगर साबित होगी। आज स्वास्थ्य संबंधी हल्की-फुल्की परेशानी रहने की वजह से आलस और सुस्ती रह सकती है।

**वृश्चिकः** वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा साथ ही आज अपनी छिपी हुई प्रतिभा को पहचानकर उसे रचनात्मक कार्यों में लगाएंगे जिससे आपको मानसिक सुकून मिलेगा।

**धनुः** धनु राशि वालों के लिए आज नए विचारों से भरपूर रहेगा। कला के क्षेत्र में आज आपको अपनी क्रिएटिविटी दिखाने का अवसर मिलेगा। आज किसी भी काम को सावधानीपूर्वक करें। जल्दबाजी करने से काम बिगड़ सकता है।

**मकरः** मकर राशि वालों आज आपका दिन कुछ नए बदलाव लाने वाला है। आज नौकरी कर रहे लोगों को अपने किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने में बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। प्राइवेट जॉब करने वाले लोग यदि जॉब स्विच करने की सोच रहे हैं तो कर सकते हैं, बढ़िया लाभ मिलने के योग हैं।

**कुम्भः** कुम्भ राशि वालों आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आपके प्रतिद्वंद्वी आपको परेशान नहीं करेंगे और आपकी पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। भागदौड़ अधिक होगी। आज राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े मित्र की पावर आपके लिए कारगर साबित होगी। उसके साथ लाभदायक बिंदुओं पर विचार-विमर्श भी होगा।

**मीनः** मीन राशि वालों आज आपको व्यापार के कुछ मामलों में अचानक लाभ हो सकता है। आज आमदनी का नया स्रोत आपको मिलेगा। आज अपने जीवन को सकारात्मक नजरिए से समझने की कोशिश करेंगे तो इससे चल रही गलतफहमियां सुलझ जाएंगी।

# दहेज नहीं लिया... या बस नाम बदल दिया?

**कड़वा सच**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**




भारतीय समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि दो परिवारों का संबंध माना जाता है। यह संबंध परंपराओं, रीति-रिवाज़ों और सामाजिक मान्यताओं से जुड़ा होता है। लेकिन जब इन परंपराओं के पीछे छिपी मानसिकता पर सवाल उठता है, तो एक कड़वा सच सामने आता है—हमने बुराइयों को छोड़ा नहीं है, बस उनका स्वरूप बदल दिया है।

आजकल शादियों में एक नया चलन तेजी से उभर रहा है। बड़े गर्व के साथ यह घोषणा की जाती है—हमने दहेज़ नहीं लिया। यह सुनते ही एक सकारात्मक छवि बनती है कि समाज बदल रहा है, लोग जागरूक हो रहे हैं। लेकिन जैसे ही शादी की रस्में आगे बढ़ती हैं, यह आदर्शवाद धीरे-धीरे दिखावे में बदलता नजर आता है।

थाली में सजी नगदी, सोना-चांदी और महंगे उपहार—सब कुछ सलीके से प्रस्तुत किया जाता है। फिर एक प्रतीकात्मक अभिनय होता है—लड़का या उसका परिवार उस ढेर में से मात्र एक रुपया उठाता है, मानो यह सिद्ध कर रहा हो कि उन्होंने दहेज़ नहीं लिया। शेष सब कुछ रिवाज़, भात, शगुन या उपहार के नाम पर स्वीकार कर लिया जाता है।

यह दृश्य केवल एक रस्म नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक मानसिकता का आईना है। सवाल यह नहीं कि एक रुपया लिया गया या नहीं; असली प्रश्न यह है कि क्या लड़की के परिवार पर आर्थिक या सामाजिक दबाव पड़ा या नहीं।

दहेज़ प्रथा सदियों से भारतीय समाज की एक गंभीर समस्या रही है। पहले इसे खुले तौर पर माँगा जाता था—नकदी, गाड़ियाँ, गहने। समय बदला, कानून सख्त हुए, जागरूकता बढ़ी, और इस प्रथा के खिलाफ आवाजें उठीं। लेकिन क्या दहेज़ वास्तव में समाप्त हुआ? शायद नहीं। आज इसने अपना रूप बदल लिया है। अब इसे सीधे माँगना अनुचित माना जाता है, इसलिए इसे परंपरा और सम्मान की आड़ में छिपा दिया गया है। भात, तिलक, सगाई के उपहार और विदाई के तोहफे—नाम भले बदल गए हों, पर लेन-देन की प्रवृत्ति वही है।

भात जैसी परंपराएँ, जो कभी स्नेह और आत्मीयता का प्रतीक थीं, आज कई जगह सामाजिक प्रतिस्पर्धा और दिखावे का माध्यम बन चुकी हैं। कितना सोना दिया गया, कितनी नगदी रखी गई, कितने महंगे वस्त्र और उपहार दिए गए—इन्हीं पैमानों पर अब इज्जत का आकलन होने लगा है। यह प्रवृत्ति न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर बोझ डालती है, बल्कि मध्यम वर्ग को भी अपनी क्षमता से अधिक खर्च करने के लिए विवश करती है।

दिखावे की यह संस्कृति आज के समाज की एक बड़ी विडंबना बन चुकी है। सोशल मीडिया ने इसे और हवा दी है, जहाँ हर आयोजन एक प्रदर्शन बन गया है। हमने दहेज़ नहीं लिया जैसे वाक्य भी कई बार नैतिकता के बजाय छवि निर्माण का माध्यम बन जाते हैं। परिणाम यह होता है कि एक झूठी धारणा बनती है कि दहेज़ खत्म हो रहा है, जबकि वास्तविकता इसके विपरीत होती है।

दहेज़ का सबसे खतरनाक रूप वह है, जो दिखाई नहीं देता—जो अनकहा होता है। कोई खुलकर कुछ नहीं मांगता, लेकिन अपेक्षाएँ स्पष्ट रहती हैं। हमें कुछ नहीं चाहिए, आप अपनी खुशी से कर दीजिए या हमें तो कुछ नहीं चाहिए, लेकिन समाज में इज्जत भी तो रखनी होती है—ये वाक्य सुनने में सहज लगते हैं, लेकिन इनके पीछे गहरा सामाजिक दबाव छिपा होता है। यह दबाव ही दहेज़ को मजबूरी बना देता है, चाहे उसे स्वेच्छा का नाम क्यों न दिया जाए।

कानून दहेज़ को अपराध घोषित करता है, लेकिन कानून केवल व्यवहार को नियंत्रित कर सकता है, मानसिकता को नहीं। जब तक समाज खुद यह नहीं मानेगा कि यह प्रथा गलत है, तब तक कोई भी कानून इसे पूरी तरह समाप्त नहीं कर सकता।

वास्तविक बदलाव के लिए हमें अपने दृष्टिकोण और व्यवहार दोनों को बदलना होगा। परंपराओं का पुनर्मूल्यांकन करना होगा और यह तय करना होगा कि कौन-सी परंपराएँ सार्थक हैं और कौन-सी केवल दिखावे और दबाव का माध्यम बन चुकी हैं। भात और उपहार तभी तक उचित हैं, जब वे पूरी तरह स्वेच्छा और सामर्थ्य के भीतर हों।

विवाह को सादगी और गरिमा के साथ स्वीकार करना होगा। यह समझना होगा कि यह कोई प्रदर्शन नहीं, बल्कि विश्वास और सम्मान का संबंध है। इसमें सबसे बड़ी जिम्मेदारी लड़के और उसके परिवार की है। उन्हें स्पष्ट रूप से यह तय करना होगा कि वे किसी भी रूप में, किसी भी नाम से लेन-देन स्वीकार नहीं करेंगे।

अंततः यह स्वीकार करना होगा कि सम्मान धन से नहीं, मूल्यों से आता है। जब तक समाज खर्च को प्रतिष्ठा से जोड़कर देखता रहेगा, तब तक यह समस्या बनी रहेगी।

अब समय आ गया है कि हम केवल यह कहने का दिखावा न करें कि हमने दहेज़ नहीं लिया, बल्कि वास्तव में ऐसी स्थिति पैदा करें जहाँ किसी को कुछ देने या लेने की आवश्यकता ही न पड़े।

दहेज़ के खिलाफ असली जीत तब होगी, जब एक रुपये का प्रतीकात्मक नाटक समाप्त होगा, जब रिवाज़ के नाम पर होने वाला लेन-देन रुकेगा, और जब विवाह सच में समानता, सम्मान और प्रेम का बंधन बनेगा— न कि लेन-देन का सौदा।


***(लेखक एक कवि और सामाजिक विचारक है।)***

## शब्द-सामर्थ्य 357

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 356 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

## सु-दोकू 357

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.356 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

**एक नजर**

### विश्व क्षय दिवस पर 'टीबी मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत की प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर

**दंतेवाड़ा, 29 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व क्षय दिवस के अवसर पर कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में '100 दिवस टीबी मुक्त भारत अभियान' की सशक्त शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. अजय रामटेक द्वारा प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिले को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से यह अभियान चार चरणों में संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीमें ग्राम पंचायतों के पारा-मोहल्लों में घर-घर सर्वे कर उच्च जोखिम समूह के व्यक्तियों की पहचान करेंगी। चिन्हित व्यक्तियों का एक्स-रे परीक्षण कराया जाएगा तथा संदेहास्पद मरीजों की निःशुल्क नाट (छा।ज) जांच सुनिश्चित की जाएगी, ताकि टीबी की शीघ्र पहचान और समय पर उपचार संभव हो सके। इस पहल से जिले में टीबी उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की उम्मीद जताई जा रही है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर डीपीएम श्री प्रतीक सोनी, डीटीओ डॉ. साकेत लहरें सहित टीबी कार्यक्रम से जुड़े समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बागड़ पहाड़ी के नीचे खेत के पास अज्ञात युवक का मिला शव

**कांकेर 29 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के ग्राम माकड़ी थाना क्षेत्र में एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ है। कोटवार दिनेश कोर्राम की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से जानकारी के अनुसार बागड़ पहाड़ी के नीचे खेत के पास 4-5 दिन पुराना शव मिला। मृतक की उम्र करीब 25-30 वर्ष बताई जा रही है। युवक दुबला-पतला, सांवले रंग का है और नीली जींस पहने हुए था। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल के मर्चुरी में सुरक्षित रखकर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। अब तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। कांकेर पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को युवक के संबंध में जानकारी हो तो तुरंत थाना कांकेर में संपर्क करें।

### तीन नक्सलियों ने परतापुर थाना में किया आत्मसमर्पण

**कांकेर 29 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** परतापुर थाना में तीन नक्सलियों संगीता कुंजाम, संजू और लखमू ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। तीनों नक्सली बिना हथियार के थाना पहुंचे और आत्मसमर्पण की प्रक्रिया पूरी की। पुलिस तीनों आत्मसर्पित नक्सलियों से पूछताछ कर रही है। क्षेत्र में लगातार चल रहे सुरक्षाबलों के अभियान और सरकार की आत्मसमर्पण नीति के चलते माओवादी संगठन के सदस्यों पर दबाव बढ़ रहा है। यही कारण है कि कई नक्सली सदस्य मुख्यधारा में लौटने का निर्णय ले रहे हैं। यह आत्मसमर्पण क्षेत्र में चल रहे सुरक्षा प्रयासों की प्रभावशीलता को भी दर्शाता है और आने वाले समय में ऐसे और मामलों की संभावना जताई जा रही है।

# कमिश्नर ने बकावंड विकासखंड में स्वास्थ्य केन्द्र सहित स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण



**जगदलपुर,29 मार्च।** कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह ने शुक्रवार को बस्तर जिले के विकासखंड बकावंड का सघन भ्रमण कर स्वास्थ्य केन्द्र सहित स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं एकीकृत बाल विकास सेवाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड, सेजेस सरगीपाल और पीएमश्री सेजेस करपावंड का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कमिश्नर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में ओपीडी, आईपीडी और पोषण पुनर्वास केन्द्र का जायजा लिया। उन्होंने यहां पर मरीजों को बेहतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्र में कुपोषित बच्चों को लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पूरे विकासखंड के चिन्हित कुपोषित बच्चों को रोस्टर अनुसार पोषण पुनर्वास केंद्र में उपचार सुविधाएं मुहैया करवाने हेतु स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को समन्वित पहल किए जाने कहा। वहीं मोतियाबिंद जांच एवं उपचार के तहत दोनों आंखों में पीड़ित मरीजों को प्राथमिकता देकर महारानी अस्पताल में आपरेशन करवाने के निर्देश दिए। साथ ही दिव्यांगजनों को उनकी जरुरत के अनुरूप कृत्रिम उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि दिव्यांगजनों का चिन्हांकन किए जाने हेतु ग्राम पंचायतों से सूची प्राप्त कर चिन्हांकन पश्चात उन्हें कृत्रिम अंग उपलब्ध कराया जाए। कमिश्नर ने आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु छूटे हुए व्यक्तियों को लाभान्वित करने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर सूची को नियमित तौर पर अपडेट किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएचसी बकावंड में मरीजों के परिजनों के ठहरने हेतु प्रतीक्षालय निर्मित किए जाने कहा।

कमिश्नर ने सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र ढोडरेपाल में बच्चों से कविताएं सुनी और उन्हें टॉफी प्रदान कर प्रोत्साहित किया। इस सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र में लक्षित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं तथा पोषक माताओं को समेकित बाल विकास सेवाओं की उपलब्धता के बारे में संज्ञान लिया और विकासखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सेजेस सरगीपाल और पीएमश्री सेजेस करपावंड में अटल टिंकरिंग लैब, विज्ञान प्रयोगशाला तथा स्मार्ट क्लास का जायजा लिया और शिक्षकों को बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए समर्पित होकर दायित्व निर्वहन करने की समझाइश दी। इस दौरान उन्होंने उक्त दोनों संस्थाओं में स्वीकृत भवन निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

### असम की पिंकी बोरो को रजत और मध्यप्रदेश की गुंजन उइके को कांस्य

# महिला 86 प्लस किग्रा वेटलिफ्टिंग में मिजोरम की ज़ोसांगज़ुआली ने जीता स्वर्णपदक



**रायपुर, 29 मार्च ।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के तहत महिला 86. प्लस किलोग्राम वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इस स्पर्धा में मिजोरम की ज़ोसांगज़ुआली ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ज़ोसांगज़ुआली ने स्नैच में 70 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 83 किलोग्राम वजन उठाकर कुल 140 किलोग्राम के साथ पहला स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि ने मिजोरम को गौरवान्वित किया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय खेल परिसर में किया जा रहा है।

असम की पिंकी बोरो ने शानदार प्रयास करते हुए कुल 125 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक पर कब्जा जमाया। उन्होंने स्नैच में 55 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 70 किलोग्राम का प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश की गुंजन उइके ने भी दमदार खेल दिखाते हुए कुल 86 किलोग्राम के साथ कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने स्नैच में 39 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 47 किलोग्राम वजन उठाया। प्रतियोगिता में त्रिपुरा की ट्विस्मु जमातिया चौथे स्थान पर रहीं, जिन्होंने कुल 77 किलोग्राम वजन उठाया। प्रतियोगिता की खास बात यह रही की सभी खिलाड़ियों ने युवा आयु में बेहतरीन तकनीक और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। मुकाबला काफी प्रतिस्पर्धात्मक रहा, जहां हर खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की। आयोजन स्थल पर दर्शकों का उत्साह खिलाड़ियों के प्रदर्शन को और ऊर्जा दे रहा था।

### छत्तीसगढ़ की रिशिका कश्यप ने रजत

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के तहत 86 किलोग्राम भारोत्तोलन प्रतियोगिता महिला वर्ग में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। इस स्पर्धा में महाराष्ट्र की साक्षी बंडू बुरकुले ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक कब्जा किया। यह प्रतिस्पर्धा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की खेल मैदान में आयोजित की जा रही है।



साक्षी बुरकुले ने स्नैच में 68 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 82 किलोग्राम वजन उठाकर कुल 150 किलोग्राम के साथ पहला स्थान हासिल की, उनका प्रदर्शन पूरे मुकाबले में सबसे मजबूत रहा।

छत्तीसगढ़ की रिशिका कश्यप ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल की। उन्होंने कुल 121 किलोग्राम (स्नैच 55 किलोग्राम, क्लीन एंड जर्क 71 किलोग्राम) वजन उठाया। वहीं असम की बिटुपुना देओरी ने 118 किलोग्राम के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में असम की लिंडा 114 किलोग्राम के साथ चौथे स्थान पर रहीं, जबकि त्रिपुरा की सुमी मोग (77 किलोग्राम) और आंध्र प्रदेश की जेसी रानी (61 किलोग्राम) क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहीं।

इस स्पर्धा में खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जहां हर प्रतिभागी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास किया। दर्शकों ने प्रत्येक खिलाड़ियों की हौंसला अफ्जाई करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर इस पूरे आयोजन को जीवंत बनाए रखा।

### महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य

**कांकेर 29 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन द्वारा महतारी वंदन योजना के सभी हितग्राहियों का ई-केवायसी कराने के निर्देश दिए दिए गए हैं। ऐसी महिलाएं जो महतारी वंदन योजना के लाभार्थी हैं तथा जिनका आधार प्रमाणीकरण (ईकेवाईसी) नहीं हुआ है, ऐसे सभी हितग्राहियों का ई-केवाईसी का कार्य त्रुटिरहित एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाना है। जिले के लगभग 1 लाख 80 हजार महिला हितग्राहियों का ई-केवाईसी कराया जाना है।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने महतारी वंदन योजना के समस्त हितग्राहियों का ई-केवाईसी कराने के निर्देश जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी और सीएससी डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को दिए हैं। ई-केवायसी कार्य प्रारंभ करने के पूर्व सभी वी.एल.ई., सीएससी ऑपरेटर्स एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षकों को ई-केवायसी प्रशिक्षण कराये जाने के लिए विकासखण्डवार तिथि निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण के लिए निर्धारित तिथि अनुसार 30 मार्च को जनपद पंचायत कांकेर में, 1 अप्रैल को जनपद पंचायत चारामा, 2 अप्रैल को जनपद पंचायत नरहरपुर में ई-केवायसी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी प्रकार 4 अप्रैल को विकासखण्ड भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल के प्रतिभागियों को जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर में, 6 अप्रैल को जनपद पंचायत अंतागढ़ और 7 अप्रैल को कोयलीबेड़ा/पखांजूर के हितग्राहियो को जनपद पंचायत पखांजूर में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### ग्रामीण युवकों से मारपीट करने वाले 8 आरोपी गिरफ्तार



**बीजापुर 29 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के मद्देड़ थाना क्षेत्र के वंगापल्ली गांव में ग्रामीण युवकों से मारपीट की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश लगातार जारी है। पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों से अफवाहों पर ध्यान नही देने की अपील की है। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को जनप्रतिनिधियों और ग्राम प्रमुखों के साथ बैठक कर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गलतफहमी और तनाव की स्थिति न बने।

पुलिस के अनुसार 26 मार्च 2026 को दम्पाया निवासी सुनील लम्बाड़ी ने थाना मद्देड़ में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि वंगापल्ली गांव के करीब 20-25 लोगों ने विकास कावटी और संतोष कावटी के साथ लाठी-डंडों और हाथ-मुक्कों से मारपीट की, जिसमें संतोष कावटी की हालत गंभीर बनी हुई है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू करते हुए घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई और आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# स्वयं से पहले आप के मूल मंत्र को अपनाना होगा

■ **राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार समिति की 21वीं बैठक सम्पन्न**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायपुर, 29 मार्च।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार समिति की 21वीं बैठक का आज यहां कृषि महाविद्यालय रायपुर के सभाकक्ष में आयोजन किया गया, जिसमें समाज सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं युवा सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।कुलपति डॉ गिरीश चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक की शुरुआत अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा द्वारा ÷स्वयं से पहले आप÷ के प्रेरणादायक संदेश के साथ की गई। उन्होंने स्वच्छता को जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया। इसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य समन्वयक डॉ. नीता बाजपेयी ने रक्तदान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन बचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है और इसके प्रति जन-जागरूकता आवश्यक है। डॉ. गिरीश चंदेल ने विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता को जन-अभियान के रूप में संचालित करने का सुझाव देते हुए विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। बैठक में "Green Army NGO" के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों की सफाई, वृक्षारोपण तथा नशा मुक्ति जैसे कार्यों पर विशेष चर्चा की गई। जल संरक्षण के संदर्भ में यह चिंता व्यक्त की गई कि बढ़ते प्रदूषण के कारण जल स्रोत प्रभावित हो रहे हैं तथा लगभग 30त्न पेयजल व्यर्थ हो रहा है। इस पर समाधानात्मक पहल करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने तथा प्लास्टिक बोतलों के प्रयोग को कम करने का संकल्प भी लिया गया। डॉ. रत्ना नशीने ने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने अबूझमाड़ में पीस मैराथन, ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान, वीड मैनेजमेंट, टीकाकरण कार्यक्रम एवं मिलेट्स मिशन जैसी गतिविधियों का उल्लेख किया। प्रशिक्षण एवं उपलब्धियों के अंतर्गत विद्यार्थियों को क्क्षढ्ढ प्रशिक्षण एवं राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए तैयार करने पर भी चर्चा हुई, जिससे उनका समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। डॉ. आशुतोष ने कार्यशालाओं एवं बैठकों को ज्ञान और जागरूकता का महत्वपूर्ण माध्यम बताया, वहीं साक्षी सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से पिछले चार वर्षों में हुए कार्यों की सराहना करते हुए पर्यावरण क्षेत्र में और अधिक प्रयासों की आवश्यकता जताई।

# आरएएमपी योजना के अंतर्गत एमएसएमई उद्यमियों की एक्सपोजर विजिट का आयोजन हुआ नागपुर में

**दंतेवाड़ा, 29 मार्च।** छत्तीसगढ़ में सीएसआईडीसी के मार्गदर्शन में चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रैंप योजना के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के उद्यमियों के लिए महाराष्ट्र राज्य के नागपुर स्थित पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क में 23 एवं 24 मार्च 2026 को दो दिवसीय एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोरिया, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही एवं बस्तर जिलों से आए कुल 25 उद्यमियों ने भाग लिया। इस विजिट का उद्देश्य एमएसएमई उद्यमियों की तकनीकी क्षमता, बाजार की समझ तथा प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना था। साथ ही उन्हें आधुनिक तकनीक, उत्पादन प्रक्रियाओं, गुणवत्ता मानकों एवं बाजार व्यवस्था की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना भी इसका प्रमुख लक्ष्य रहा। विजिट के दौरान उद्यमियों ने विभिन्न उद्योगों, प्रसंस्करण इकाइयों, क्लस्टरों एवं प्रशिक्षण संस्थानों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्हें उन्नत तकनीकों, नवीन प्रक्रियाओं एवं आधुनिक प्रबंधन प्रणालियों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही विशेषज्ञों के साथ संवाद, उत्पादन प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष प्रदर्शन एवं सफल उद्यमियों के अनुभव साझा किए गए, जिससे प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क के व्यवसाय प्रमुख श्री एस.के. राणा द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की विजिट एमएसएमई उद्यमियों के लिए सीखने, नवाचार अपनाने और नेटवर्क विकसित करने का सशक्त माध्यम है, जिससे वे अपने व्यवसाय को नई दिशा दे सकते हैं। विजिट के दौरान प्रमुख गतिविधियों में उन्नत उद्योगों एवं क्लस्टरों का भ्रमण, उत्पादन तकनीक एवं मशीनरी का अध्ययन, गुणवत्ता मानकों एवं प्रमाणन की जानकारी, विशेषज्ञों एवं सफल उद्यमियों से संवाद, बाजार, आपूर्ति श्रृंखला एवं मूल्य संवर्धन की समझ तथा नए व्यावसायिक विचारों एवं श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों का अध्ययन शामिल रहा। इसके साथ ही एमएसएमई से संबंधित शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। उद्यमियों ने इस विजिट को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें अपने व्यवसाय के लिए नई तकनीकों एवं संभावनाओं की जानकारी मिली है, जो उनके उद्यम के विकास में सहायक सिद्ध होगी।

### आईटीबीपी के जवानों ने गर्भवती महिला को पहुंचाया स्वास्थ्य केंद्र



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर 29 मार्च।** जिले में तैनात आईटीबीपी के जवानों को सूचना मिली कि ग्राम बोटेर की एक गर्भवती महिला की हालत गंभीर है। गांव में न सड़क, न अस्पताल और न ही त्वरित चिकित्सा सुविधा, ऐसे में हर मिनट की देरी जानलेवा साबित हो सकती थी।

सूचना मिलते ही आईटीबीपी की 29वीं बटालियन के कमांडेंट के निर्देशन में सहायक कमांडेंट अनिल कुमार के नेतृत्व में एक त्वरित कार्रवाई दल तुरंत रवाना किया गया। जंगलों से घिरे इस क्षेत्र में कोई सीधा रास्ता नहीं था। जवानों को पगडंडियों, पत्थरीले ढलानों और चढ़ाइयों से होकर गुजरना पड़ा। गांव पहुंचने पर स्थिति और भी गंभीर थी, महिला चलने की स्थिति में नहीं थी। ऐसे में जवानों ने स्थानीय संसाधनों की मदद से तत्काल एक अस्थायी स्ट्रेचर तैयार किया। फिर शुरू हुआ असली संघर्ष-करीब 5 किलोमीटर तक पैदल सफर, कंधों पर जिंदगी का भार, और सामने जंगल-पहाड़ की कठिन चुनौती। फोटो में साफ दिखता है कि कैसे जवानों ने बारी-बारी से स्ट्रेचर उठाया, रेस्क्यू टीम महिला को बोटेर और कुदमेल के बीच निर्धारित प्वाइंट तक लेकर पहुंची, जहां पहले से एंबुलेंस तैयार खड़ी थी। इसके बाद महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , ओरछा पहुंचाया गया। डॉक्टरों की देखरेख में इलाज शुरू हुआ और राहत की खबर आई-मां और शिशु दोनों सुरक्षित हैं।

### जिला प्रशासन की अभिनव पहले मावा मोदोल का सकारात्मक परिणाम

# सीजी पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा में निःशुल्क कोचिंग से 20 छात्र-छात्राओं को मिली सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कांकेर 29 मार्च।** जिला प्रशासन द्वारा संचालित अभिनव पहल मावा मोदोल (मेरा मूल मेरा भविष्य) निःशुल्क कोचिंग ने एक बार फिर अपनी प्रभावशीलता सिद्ध करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों ने सीजी पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 20 छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है, जो जिले के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय बन गया है। कांकेर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की पहल पर दूरस्थ एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण कोचिंग सुविधा प्रदान की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय कांकेर एवं विकासखंड मुख्यालय भानुप्रतापपुर में संचालित इस कोचिंग में पिछले एक वर्ष से विद्यार्थी नियमित अध्ययन कर रहे थे। अब इसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। मावा मोदोल की भानुप्रतापपुर शाखा से 12 छात्र-छात्राओं तथा कांकेर शाखा से 8 छात्र-छात्राओं ने प्रारंभिक परीक्षा में कामयाबी हासिल की है। इनमें भानुप्रतापपुर शाखा से उत्तीर्ण विद्यार्थियों में श्रीमती शिल्पा नुरेटी, कु. छबिलता देहारी, भावेश करंगा, रामगुलाल, कु. रजोतिन, राहुल ठाकुर, डेनियल वर्मा, गजेंद्र सोनवानी, लोचन प्रसाद देवांगन, कु. नेहा कोरेटी, दीप मल्लिका चुरेंद्र एवं कमल राम ठाकुर (नायब तहसीलदार) शामिल हैं। वहीं, कांकेर शाखा से उत्तीर्ण विद्यार्थियों में सुभाष नेताम, वीरेंद्र टंडन, प्रतिभा कुंजाम, प्राची वासनीकर, तुषार शेंडे (टेस्ट सीरीज लाभार्थी), दिलीप कुमार मार्कण्डेय, नीरज कुमार साहू एवं विक्रांत शामिल हैं। उक्त सभी विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि आर्थिक रूप से कमजोर होने तथा सीमित संसाधनों के बावजूद अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की।

कांकेर कलेक्टर क्षीरसागर ने इस उपलब्धि पर सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और प्रशासन की प्रतिबद्धता का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी ने छात्रों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के लिए मुख्य परीक्षा की तैयारी हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। साथ ही विषय विशेषज्ञों की सहायता से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए हैं।

# सीएम ने कार्यक्रम में शामिल होकर नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जशपुरनगर 29 मार्च ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर के रणजीता स्टेडियम में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होकर 240 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने विवाह मंडप में सभी नवदंपतियों के बीच पहुंचकर सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध दांपत्य जीवन की कामना की। समारोह में विभिन्न समाजों के जोड़ों ने एक साथ विवाह कर सामाजिक समरसता और एकता का संदेश दिया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को कुल 50 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जाती है। इसमें 35 हजार रुपए की राशि चेक के माध्यम से सीधे हितग्राही को दी जाती है, जबकि लगभग 7 हजार रुपए की वैवाहिक सामग्री एवं 8 हजार रुपए आयोजन व्यय के रूप में खर्च किए जाते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने हितग्राहियों को 35 हजार रुपए का चेक राशि का वितरण कर उनके खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में गायत्री परिवार के सदस्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि विधान से विवाह सम्पन्न कराया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री रामप्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री यश प्रताप सिंह जूदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत, विजय आदित्य सिंह जूदेव, सरगुजा कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेंद सिंह, वनमंडलाधिकारी शशिकुमार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए एक बड़ा सहारा बनकर उभरी है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग प्रदान कर उनके माता-पिता के आर्थिक बोझ को कम कर रही है। इससे अनावश्यक खर्चों पर रोक लगने के साथ सामूहिक विवाह के माध्यम से सामाजिक एकता को भी बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं और गरीब परिवारों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से हजारों परिवारों को राहत मिली है और बेटियों के विवाह की चिंता काफी हद तक दूर हुई है।

कार्यक्रम में नवदंपतियों को विवाह प्रमाण पत्र एवं उपहार सामग्री भी प्रदान की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दी और योजना की सराहना की। यह आयोजन न केवल एक सामाजिक कार्यक्रम रहा, बल्कि शासन की जनकल्याणकारी सोच और समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता का भी प्रतीक बना।

# जशपुर-मुख्यमंत्री ने 4 शासकीय वाहनों को दिखाई हरी झंडी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जशपुरनगर 29 मार्च ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज रणजीता स्टेडियम में राजस्व विभाग को प्राप्त 4 नवीन शासकीय वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन वाहनों के संचालन से शासकीय कार्यों में गति आएगी और आम जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। नवीन वाहनों के जुड़ने से विशेष रूप से राजस्व विभाग के फील्ड कार्यों में सुविधा बढ़ेगी। दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच आसान होगी, जिससे राजस्व संबंधी प्रकरणों का त्वरित निराकरण संभव हो सकेगा। साथ ही आपदा प्रबंधन, सर्वे कार्य, निरीक्षण एवं अन्य प्रशासनिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री रामप्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री यश प्रताप सिंह जूदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री गंगाराम भगत, श्री विजय आदित्य सिंह जूदेव, सरगुजा कमिश्नर श्री नरेंद्र दुग्गा, आईजी श्री दीपक कुमार झा, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री लाल उमेद सिंह, वनमंडलाधिकारी श्री शशिकुमार, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### महिला ने दो महिलाओं को ठगा

**दुर्ग, 29 मार्च (तछसं.)।** दुर्ग धमधा थाना क्षेत्र के ग्राम बिरझापुर में ठगी का मामला सामने आया है बिरझापुर निवासी ( 27 साल ) सागर साहू की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है दर्ज रिपोर्ट के अनुसार 25 मार्च को एक अज्ञात महिला चेहरे पर कपड़ा बांधकर सागर साहू के घर पहुंची उसने खुद को देवकर निवासी गोदावरी बताते हुए जनपद में पदस्थ होना बताया महिला ने सागर के पिता शत्रुघ्न साहू के नाम पर पांच लाख रुपये की विकलांगता सहायता राशि तथा गांव की जमुना बाई के नाम पर 48 हजार रुपये की आवास राशि स्वीकृत होने की बात कही इस के लिए उसने दोनों महिलाओं को रकम दिलाने दुर्ग चलने को कहा झांसे में आकर सागर की मां चंद्रकला बाई और जमुना बाई उसके साथ बस से दुर्ग पहुंचीं वहां बस स्टैंड से ऑटो के जरिए उन्हें कोर्ट परिसर ले जाया गया महिला ने साहब को पैसे देने के नाम पर चंद्रकला से 2500 रुपये और जमुना बाई से 2000 रुपये ले लिए। बाद में मशीन में जेवर दिखने का बहाना बनाकर जमुना बाई की करीब 25 हजार रुपये की सोने की बालियां भी उतरवा लीं और फरार हो गई शाम तक महिला के नहीं लौटने पर दोनों घर पहुंचीं और जानकारी दी कुल 29,500 रुपये की ठगी बताई गई है दुर्ग पहुंचने के बाद आभूषण उतरवा कर हो गई फरार महिला के नहीं लौटने पर धमधा थाने में की शिकायत।

### रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों का चयन निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया गया

**महासमुंद 29 मार्च ।** शासन के निर्देशानुसार जिले के 183 हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु प्रशिक्षकों का चयन पूरी तरह निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया गया है।राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा प्राप्त निर्देशों के पालन में जिला स्तर पर समिति का गठन कर विभिन्न चरणों में बैठकें आयोजित की गईं। प्रथम बार 10 नवंबर 2025 एवं द्वितीय चरण में 18 नवंबर 2025 को आयोजित बैठकों में प्रशिक्षण की रूपरेखा तय की गई तथा प्रशिक्षकों के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए। इस संबंध में 12 एवं 17 दिसंबर को समाचार पत्रों , जिले के वेबसाइट आधिकारिक माध्यमों से व्यापक सूचना जारी की गई, ताकि योग्य आवेदकों को अवसर मिल सके। इस दौरान निर्धारित समय में आवेदन की पर्याप्त संख्या प्राप्त नहीं हुई।

प्राप्त आवेदनों के आधार पर पुनः 20 जनवरी एवं 2 फरवरी 2026 को समिति की बैठक आयोजित कर सभी आवेदनों पर विचार किया गया। इस दौरान पारदर्शिता बनाए रखते हुए पात्रता के आधार पर कराते संघों सहित विभिन्न संगठनों से प्राप्त आवेदनों का परीक्षण किया गया और आवश्यकतानुसार प्रशिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।प्रशिक्षकों का चयन पूर्णतः नियमानुसार, पारदर्शी एवं चरणबद्ध प्रक्रिया के तहत किया गया है। वर्तमान में जिले के 183 विद्यालयों में से 105 विद्यालयों में प्रशिक्षक उपलब्ध करा दिए गए हैं, जबकि शेष विद्यालयों में भी शीघ्र प्रशिक्षक उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है।

### सिलपहरी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 30 मार्च को

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, 28 मार्च ।** जिला प्रशासन द्वारा जन मानस की विभिन्न मांगो एवं शिकायतों का समाधान करने, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने और पात्रतानुसार हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर मरवाही विकासखंड के ग्राम पंचायत सिलपहरी में 30 मार्च सोमवार को आयोजित किया गया है। यह शिविर ग्राम पंचायत भवन के पास सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला, अनुविभाग एवं मैदानी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित होकर जनसमस्याओं का निवारण करेंगे।

# राजू साहू जिला कांग्रेस धमतरी के महामंत्री नियुक्त





**अंवरी, 29 मार्च।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जी के अनुमोदन पश्चात जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी में ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा के पूर्व अध्यक्ष राजू साहू को जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी में महामंत्री नियुक्त किया गया बताया जा रहा है कि संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लाक जिला संगठन की नियुक्ति पश्चात जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी विस्तार में ग्राम कोलियारी भखारा निवासी राजू साहू के संगठन के प्रति समर्पण और कुशल नेतृत्व क्षमता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है श्री साहू शुरू से ही कांग्रेस संगठन में लगातार बूथ स्तर से सक्रिय राजनीति में है ग्रामीण युवा कांग्रेस अध्यक्ष, 2बार निर्वाचित विधानसभा युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष, ब्लाक युवा कांग्रेस भखारा के अध्यक्ष, कांग्रेस शासन में राजीव युवा मितान क्लब के कुरूद विधानसभा समन्वयक, और ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा के अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं जिसे देखते हुए अब जिला कांग्रेस में महामंत्री पद पर नियुक्त किया गया है प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक ओंकार साहू,जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारणी नीलम चंद्राकर सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है और साथ ही साथ बधाई प्रेषित करने वाले कांग्रेस पार्टी के साथियों भरत नहर,ब्लाक अध्यक्ष होमेंद्र साहू , गोविंद साहू, शारदा साहू, विनोद साहू मंडल अध्यक्ष गण गैंद लाल साहू, रामचंद्र साहू, चमन साहू, संतोषी निषाद, राजा बंजारे, किसान कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, महेंद्र साहू, रूपचंद साहू, जीवराज देवगण, संतोष साहू, मेघु साहू, लोकेंद्र साहू,युवा अध्यक्ष पुखराज साहू, लेखराम यादव, मनोज साहू, सहित कांग्रेस जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया

# यात्रियों को परेशान करने पर 3 किन्नर गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 29 मार्च।** दुर्ग रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ट्रेन नंबर 20857 साई नगर शिरडी सुपर फास्ट एक्सप्रेस में कार्रवाई करते हुए 3 किन्नरों को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ को लगातार यात्रियों से शिकायत मिली रही थी कि किन्नरों द्वारा ट्रेन में यात्रियों को परेशान और अवैध वसूली की जा रही है। आरपीएफ की टीम ने शिकायतों के आधार पर आज एक टीम बनकर साई नगर शिरडी सुपर फास्ट एक्सप्रेस में कार्रवाई की गई बताया कि साईं शिरडी नगर तक चलने वाली साईं नगर शिरडी सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन रायपुर से दुर्ग की ओर आ रही थी। इसी दौरान आरपीएफ को सूचना मिली कि कुछ किन्नर ट्रेन के अलग-अलग कोच में जाकर यात्रियों से जबरन पैसे मांग रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद आरपीएफ दुर्ग की टीम ने ट्रेन के दुर्ग पहुंचते ही कार्रवाई की और ट्रेन में मौजूद 3 किन्नरों को हिरासत में लेकर आरपीएफ पोस्ट में लाया गया। आरपीएफ को टीम देखकर कुछ किन्नर मौके से फरार हो गए दुर्ग आरपीएफ पुलिस ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई की गई है। ट्रेन में किन्नरों द्वारा जबरदस्ती पैसे मांगे जा रहे थे। मना करने पर बहस कर दबाव बनाया जा रहा था। यात्रियों की शिकायत पर साईं नगर शिरडी सुपर फास्ट एक्सप्रेस में दबिश देकर 3 किन्नरों को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ ने तीनों किन्नरों के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पकड़े गए किन्नरों से पूछताछ के बाद संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। आरपीएफ ने इसके पूर्व भी 12 किन्नरों को गिरफ्तार कर चुकी है। ट्रेनों में यात्रियों को परेशान करने और अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ आगामी समय में भी लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही की जाएगी।

# संभाग आयुक्त ने जिले के विकास कार्यों का निरीक्षण कर समय पर पूरा करने को कहा



**मोहला 29 मार्च ।** संभाग आयुक्त श्री सत्यनारायण राठौर आज जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने जिले में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए सभी कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए तय समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

संभाग आयुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत पीपरखार स्थित मोंगरा मल्टी विलेज वाटर सप्लाई योजना के निर्माणाधीन इंटेक वेल एवं फिल्टर हाउस का निरीक्षण किया। कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए तथा योजना से लाभान्वित होने वाले ग्रामों की संख्या संबंधी जानकारी भी ली। इसके पश्चात उन्होंने मोंगरा बैराज का अवलोकन किया। उन्होंने बैराज में जलभराव की स्थिति, गेट कंट्रोल रूम तथा विद्युत व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त श्री राठौर ने निर्माणाधीन न्यू सर्किट हाउस, संयुक्त जिला कार्यालय भवन एवं जिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सर्किट हाउस निर्माण की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि जिले के लिए सर्किट हाउस अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। संयुक्त जिला कार्यालय भवन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने लेआउट का अवलोकन किया तथा जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक बदलाव के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि यह भवन आमजन के लिए है, अतः इसमें आमजन की सहूलियत को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को लेआउट के संबंध में जिला पंचायत एवं पुलिस विभाग से चर्चा करने के निर्देश भी दिए, ताकि आवश्यक सुधार सुनिश्चित किया जा सके। जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की वर्तमान स्थिति का अवलोकन करते हुए कार्य में तेजी लाने एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने ग्राम सोनसायटोला की जय बम्लेश्वरी स्व-सहायता समूह से मुलाकात की। उन्होंने समूह की गतिविधियों की जानकारी ली। समूह के सदस्यों ने बताया कि वे मक्का एवं सब्जी उत्पादन के साथ-साथ मछली पालन, सूकर पालन एवं मुर्गी पालन का कार्य कर रहे हैं, जिससे उन्हें अच्छी आय प्राप्त हो रही है। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने समूह के कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

# श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध



**जशपुरनगर 29 मार्च ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज जिला मुख्यालय के वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल में आयोजित जिला स्तरीय श्रमिक सम्मेलन में शामिल हुए और विभिन्न श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत राज्य के 79,340 निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिजनों को 27 करोड़ 14 लाख 97 हजार रुपए से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में अंतरित किए। कार्यक्रम में श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. राम प्रताप सिंह, छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र कुमार बेसरा, श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष श्री योगेश दत्त मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविन्द भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री यश प्रताप सिंह जूदेव, भरत सिंह,श्री कृष्ण कुमार राय, विजय आदित्य प्रताप सिंह जूदेव, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित भारी संख्या में लाभार्थी श्रमिकगण मौजूद थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में उपस्थित जनसमूह को आश्वस्त करते हुए कहा कि मध्य एशिया में चल रहे युद्ध के कारण पेट्रोलियम पदार्थों के आयात में कुछ व्यवधान उत्पन्न हुआ है। तथापि, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सुदृढ़ विदेश नीति तथा विभिन्न देशों के साथ बेहतर समन्वय के चलते पेट्रोल, डीज़ल एवं एलपीजी गैस की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहेगी और आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों के कल्याण के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। श्रमिकों के हित में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा 70 से अधिक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि श्रमिकों के बच्चों के बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए निजी विद्यालयों में प्रवेश हेतु सीटों की संख्या 100 से बढ़ाकर 200 कर दी गई है। साथ ही, अपंजीकृत श्रमिकों के कल्याण के लिए भी सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना के माध्यम से अब तक लगभग 496 करोड़ रुपये की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की जा चुकी है।मुख्यमंत्री ने अपने केंद्रीय श्रम मंत्री के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि जब उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को यह जानकारी दी कि मजदूरों के भविष्य निधि में लगभग 27 हजार करोड़ रुपये की राशि अनक्लेम्ड पड़ी है, तब उनके निर्देशानुसार इस राशि का उपयोग श्रमिकों के कल्याण के लिए किया गया तथा पीएफ व्यवस्था को यूनिवर्सल बनाया गया। उन्होंने आगे बताया कि 'दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना और मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के तहत दी जाने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये कर दिया गया है।कार्यक्रम में श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि श्रमिकों के कल्याण हेतु राज्य में 3 मंडल एवं 70 से अधिक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों में कुल 52 श्रमिक सम्मेलन आयोजित करने की योजना है, जिनमें से अब तक 12 सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं। साथ ही, अब तक 800 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से श्रमिकों के बैंक खातों में सीधे अंतरित की जा चुकी है।

### 12 श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं से राज्य के 79,340 श्रमिक लाभान्वित

विभिन्न श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत राज्य के 79,340 निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिजनों को 27 करोड़ 14 लाख 97 हजार रुपए से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में अंतरित किए। जिनमें दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के अंतर्गत 14 हितग्राहियों को 14 लाख 32 हजार रुपए, मिनीमाता महतारी जतन योजना के अंतर्गत 1960 श्रमिकों को 3 करोड़ 92 लाख रुपए, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना के तहत 297 श्रमिकों को 4 लाख 45 हजार र 500 रुपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना अंतर्गत 9 हितग्राहियों को 9 लाख रुपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के अंतर्गत 20 हितग्राहियों को 20 लाख रुपए, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत 325 श्रमिकों के बच्चों को 38 लाख 88 हजार 374 रुपए, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के अंतर्गत 3040 श्रमिकों को 6 करोड़ 08 लाख रुपए, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत 71220 श्रमिकों के बच्चों को 14 करोड़ 53 लाख 96 हजार 500 रुपए, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना के अंतर्गत 1142 श्रमिकों को 39 लाख 50 हजार 624 रुपए, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के तहत 526 हितग्राहियों को 1 करोड़ 5 लाख 20 हजार रुपए, मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना अंतर्गत 784 श्रमिकों को 29 लाख 04 हजार 082 रुपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के अंतर्गत 9 हितग्राहियों को 9 लाख रुपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक दीर्घायु सहायता योजना के अंतर्गत 3 श्रमिकों को 60 हजार रुपए अंतरित किए जाएंगे।

### जिले के 1365 निर्माण श्रमिकों को 49.35 लाख रुपए अंतरित

कार्यक्रम में जशपुर जिले के 1365 निर्माण श्रमिकों को 49 लाख 35 हजार 500 रुपए की राशि अंतरित किए गए।

## समाचार संक्षेप

### ठेकेदार की शिकायत पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने उप अभियंता को कारण बताओ नोटिस किया जारी

**अम्बिकापुर 29 मार्च।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पीएचई खण्ड अम्बिकापुर में कार्यरत एक ठेकेदार द्वारा भुगतान में विलंब को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए आत्मदाह की चेतावनी दिए जाने का मामला सामने आया है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, ठेकेदार श्री रजनीकांत ने 27 मार्च को विभाग को दिए गए पत्र में आरोप लगाया है कि जल जीवन मिशन अंतर्गत किए गए कार्यों का भुगतान लंबे समय से लंबित है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों पर देयक तैयार करने में अग्रिम कमीशन की मांग, ब्लैकमेलिंग एवं मानसिक प्रताड़ना जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं। ठेकेदार का कहना है कि लगभग 65 लाख रुपये के कार्य के एवज में अब तक केवल 22 लाख रुपये का ही भुगतान किया गया है, जबकि शेष राशि एक वर्ष से लंबित है।पत्र में ठेकेदार ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया, तो वे 30 मार्च को दोपहर 1 बजे पीएचई कार्यालय के समक्ष आत्मदाह करेंगे।मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड अम्बिकापुर ने संबंधित उप अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी कर निर्धारित समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि प्राप्त जवाब के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के केवाइसी के लिए प्रशिक्षण

**महासमुंद 29 मार्च ।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देश के परिपालन में जिले के महतारी वंदन के समस्त हितग्राहियों का ई-केवायसी किया जाना है, इसी कडी में जिले के 3 लाख 26 हजार 814 हितग्राहियों का ई-केवायसी 01 अप्रैल से 30 जून 2026 तक जिले के समस्त सीएससी में किया जायेगा। केवायसी करने हेतु जिले में कार्यरत वीएलई को विभिन्न तिथियों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज महासमुन्द विकासखण्ड अंतर्गत कार्यरत समस्त वीएलई को जनपद पंचायत के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमें ई-डिस्ट्रीक्ट मैनेजर, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थित हुई। शासन के मंशानुरूप 27 मार्च को महासमुंद, 28 मार्च को बागबाहरा, 30 मार्च को पिथौरा, 31 मार्च को बसना एवं 01 अप्रैल को सरायपाली को प्रशिक्षण सम्पन्न होगी।जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री जटवार ने बताया कि समस्त हितग्राहियों के ई-केवायसी कराया जाना अनिवार्य किया गया है, हितग्राहियों को ई-केवायसी संबंधित आंगनबाड़ी केन्द्र के नजदीक स्थित सीएससी केन्द्र में कराया जाना होगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं हितग्राहियों का सहयोग करेंगे। जिन हितग्राहियों का ई-केवायसी सम्पन्न होते जायेगा उन हितग्राहियों का नाम ई-केवायसी हितग्राहियों की सूची से स्वतः अपडेट होता जायेगा तथा आंगनबाड़ी कार्यकताओं के अपने आईडी में उन हितग्राहियों का नाम दिखाई देगा जिन हितग्राहियों का नाम ई-केवायसी हेतु पेंडींग होगा। ई-केवायसी का कार्य पूर्णतः निशुल्क होगा। केवायसी में किसी भी कितग्राही का कोई भी जानकारी, डाटा अथवा पहचान किसी को शेयर नहीं की जायेगी और न ही प्रदर्शित की जायेगी। इस कार्य के सुचारू संचालन हेतु बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक नियमित रूप से निगरानी करेंगे ताकि किसी प्रकार का कोई परेशानी या कठिनाई आने पर तत्काल निराकरण, मार्गदर्शन, निर्देश देगें ताकि समय-समय में ई-केवायसी कार्य में कुशलतापूर्वक पूर्ण हो सकें।

# गुरुकुल पब्लिक स्कूल में किड्स कैंप के समापन पर बच्चों ने दी मोहक प्रस्तुति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा,29 मार्च।** नगर की प्रतिष्ठित अंग्रेजी माध्यम शाला गुरुकुल पब्लिक स्कूल में 26 मार्च से 29 मार्च तक चार दिवसीय किड्स कैंप का आयोजन किया गया।किड्स कैंप के समापन दिवस पर संस्था के पदाधिकारीगणए शाला के प्राचार्यए समस्त शिक्षक शिक्षिकाएँ बड़ी संख्या में में नन्हें मुन्ने बच्चे तथा पालकगण उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी पीजीटी हिंदी डॉक्टर विजय कुमार शाही ने बताया कि इस किड्स कैंप में लगभग 300 बच्चे भाग लिया। इस किड्स कैंप में प्रतिभागी बच्चों की उम्र के हिसाब से उन्हें तीन समूहों यथा मिकी वर्ग 3 से 4 वर्ष डोनाल्ड ;4 से 5 वर्ष तथा गुफी वर्ग 5 से 6 वर्ष में विभाजित किया था। नन्हे मुन्ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलए विविध प्रकार की गतिविधियां नृत्य और संगीत, चित्रकला,पैंटिंग,पपेट शॉए पेपर क्राफ्ट,पूल पार्टी,रैन डांस, मुवी थिएटर,लिफ आर्ट तथा स्टोन आर्ट जैसी मनोरंजक गतिविधियों के द्वारा बच्चों की अंतर्निहित प्रतिभा को निखारने का कार्य विद्यालय के कुशल प्रशिक्षित शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। किसी चार दिवसीय कैंप में बच्चों के द्वारा बनाई गई वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसे दर्शकों ने सराहा। बच्चों ने भी मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए यह साबित किया कि कुशल मार्गदर्शन मिले तो कम समय में भी बहुत कुछ सीखा जा सकता है।समापन दिवस में प्रतिभावान बच्चों को उपहार प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। मिकी वर्ग से याशिका धुर्वे एअथर्व बोथरा मानविक श्रीश्रीमाल एआदविक जैन डोनाल्ड वर्ग से अनाया खानए सुनिष्ठा खुंटे, अथर्व गुप्ता एइवनीश कौर छाबड़ा ..... तथा गुफी वर्ग से अहान पालीए अथर्व गुप्ताए श्रेजल पाली तथा आदविक देवांगन पुरस्कृत हुए। शाला के प्राचार्य ने पुरस्कृत बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि इस किड्स कैंप ने नन्हें मुन्ने बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नई चीजों को सिखाने के प्रति प्रेरित किया।।जिससे उन्होंने अपनी प्रतिभा का सही आकलन किया। संस्था के अध्यक्ष ए अन्य पदाधिकारी गण तथा प्राचार्य ने इस कैंप के सफ्ल आयोजन से संतोष व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की है कि गुरुकुल भविष्य में भी इस प्रकार के कैंप का आयोजन करता रहेगाए जिससे नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रतिभा का विकास हो सकेगा।

# ग्रीन एनेस्थीसिया : सिम्स में इलाज के साथ पर्यावरण संरक्षण की नई पहल

**रायपुर, 29 मार्च।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देते हुए ग्रीन एनेस्थीसिया की पहल की जा रही है। इस पहल के तहत मरीजों को सुरक्षित उपचार प्रदान करने के साथ-साथ पर्यावरण और चिकित्सकों की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ऑपरेशन थिएटर में उपयोग होने वाली एनेस्थीसिया गैसों के दुष्प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से सिम्स द्वारा आधुनिक और पर्यावरण हितैषी तकनीकों को अपनाया जा रहा है।



**एनेस्थीसिया गैसें: पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा:** सर्जरी के दौरान उपयोग की जाने वाली गैसें, जैसे डेसफ्लुरेन और नाइट्रस ऑक्साइड, ग्रीनहाउस गैसों के रूप में जानी जाती हैं। इनका प्रभाव कार्बन डाइऑक्साइड से कई गुना अधिक होता है और ये लंबे समय तक वातावरण में बनी रहती हैं।हर वर्ष बड़ी संख्या में होने वाली सर्जरी से निकलने वाली ये गैसें ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

**चिकित्सकों पर भी पड़ता है प्रभाव:** एनेस्थीसिया का प्रभाव केवल मरीज तक सीमित नहीं रहता। जहां एक मरीज को ऑपरेशन के दौरान एक बार एनेस्थीसिया दिया जाता है, वहीं एनेस्थीसिया विशेषज्ञ चिकित्सक दिनभर में 10 से 12 घंटे तक लगातार कई मरीजों को एनेस्थीसिया प्रदान करते हैं। इस दौरान वे बार-बार इन गैसों के संपर्क में आते हैं, जिससे लंबे समय में उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना रहती है। ऐसे में ग्रीन एनेस्थीसिया चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

**क्या है ग्रीन एनेस्थीसिया:** ग्रीन एनेस्थीसिया एक ऐसी पद्धति है, जिसमें मरीज को सुरक्षित बेहोशी देने के साथ-साथ पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को कम किया जाता है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुरक्षित और टिकाऊ बनाना है।

इस तकनीक में प्रोपोफोल, मिडाज़ोलम आदि दवाओं को इंट्रावेनस (रक्त शिरा द्वारा) दिया जाता है, जो बेहद प्रभावी एवं सुरक्षित माना जाता है। इससे गैसों के उपयोग में कमी आती है और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव भी कम होता है। कम मात्रा में गैस देकर भी सुरक्षित एनेस्थीसिया दिया जाता है, जिससे गैस की खपत और प्रदूषण दोनों में कमी आती है। नई तकनीकों के माध्यम से गैस लीकेज को नियंत्रित कर ऑपरेशन थिएटर के बाहर प्रदूषण को कम किया जा रहा है। यह पद्धति पर्यावरण के साथ-साथ आर्थिक रूप से भी लाभकारी साबित हो रही है। निश्चेतना में उपयोग होने वाली गैसों का अत्यधिक प्रयोग ग्लोबल वार्मिंग और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। ग्रीन एनेस्थीसिया के माध्यम से इन दुष्प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सिम्स इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। ग्रीन एनेस्थीसिया सिम्स की एक सराहनीय और दूरदर्शी पहल है, जो यह दर्शाती है कि बेहतर इलाज के साथ पर्यावरण और मानव दोनों की सुरक्षा संभव है। यह प्रयास भविष्य में अन्य चिकित्सा संस्थानों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग: प्रयोगशाला परिचारक भर्ती काउंसलिंग का शेड्यूल जारी

**रायपुर, 29 मार्च।** छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा संचालनालय ने प्रयोगशाला परिचारक के पदों पर सीधी भर्ती के लिए चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग का इंतज़ार खत्म कर दिया है। संचालनालय द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, मेरिट सूची में स्थान पाने वाले 430 अभ्यर्थियों के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया 01 और 02 अप्रैल 2026 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग प्रक्रिया नवा रायपुर स्थित इन्द्रावती भवन के ब्लॉक-3 पर संचालित होगी। काउंसलिंग को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए इसे दो दिनों में और कुल चार पालियों में विभाजित किया गया है। ज्ञात हो कि यह काउंसलिंग पूरी तरह से मेरिट और रोस्टर के नियमों के आधार पर की जा रही है। सभी चयनित अभ्यर्थियों को उनके निर्धारित रैंक के अनुसार तय तिथि और समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है। इस काउंसलिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों को उनके पदस्थापना स्थल का चयन करने का अवसर भी मिलेगा।

### साय ने इचकेला की बालिका क्रिकेट खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**रायपुर, 29 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर स्थित मल्टीपरपज इंडोर बास्केटबॉल स्टेडियम में ग्राम इचकेला की छत्तीसगढ़ बालिका क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें क्रिकेट किट प्रदान करते हुए सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इन प्रतिभाशाली बालिकाओं ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से न केवल जिले, बल्कि पूरे प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास के बल पर वे भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करेंगी तथा देश का नाम रोशन करेंगी। उल्लेखनीय है कि जशपुर के इचकेला स्थित शासकीय प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास की बालिकाएँ क्रिकेट के क्षेत्र में लगातार उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रही हैं।

### आयुक्त ने संकल्प सोसायटी फेस - 2 लभांडी का किया प्रत्यक्ष निरीक्षण



**रायपुर 29 मार्च।** विगत दिवस गन्दा पानी मिलने की शिकायत पर नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप ने नगर निगम जोन 9 अंतर्गत लभांडी में संकल्प सोसायटी फेस - 2 का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया. आयुक्त ने रहवासियों को पेयजल टैंकरों से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने, वाटर एटीएम मशीन की मरम्मत करवाकर पुनः प्रारम्भ करवाने, गन्दे पानी के सुगम निकास हेतु नाला शीघ्र बनाने प्रस्ताव देने के नगर निगम जोन 9 अधिकारियों को निर्देश दिए. नगर निगम जोन 9 जल विभाग ने जोरा पानी टंकी की सफाई करवाई और पेयजल टैंकरों से स्वच्छ पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित की. स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मेडिकल मोबाइल यूनिट से वहाँ शिविर लगाकर रहवासियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया और आवश्यक चिकित्सक़ीय परामर्श दिया और आवश्यक दवाईयां उपलब्ध करवाई. आयुक्त श्री विश्वदीप द्वारा किये गए निरीक्षण में नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर श्री राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री शरद ध्रुव, उपअभियंता श्री आशुतोष पाण्डेय, रविप्रभात साहू, श्रीमती अंकिता जनार्दन की उपस्थिति रही।

मुख्यमंत्री ने मातृत्व वन का किया लोकार्पण

# मातृत्व वन प्रकृति के प्रति भावनात्मक जुड़ाव का सशक्त प्रतीक है: सीएम विष्णु देव साय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 29 मार्च। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर सर्किट हाउस परिसर में विकसित मातृत्व वन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मातृत्व वन न केवल हरित क्षेत्र के रूप में विकसित होगा, बल्कि यह प्रकृति के प्रति भावनात्मक जुड़ाव का एक सशक्त प्रतीक भी है और आने वाले समय में पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता का केंद्र बनेगा।

उल्लेखनीय है कि जशपुर मंडल द्वारा विकसित मातृत्व वन में लगभग 2 एकड़ क्षेत्र में 400 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया है, जो पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संवेदनाओं के अद्वितीय समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी माताओं के नाम पर पौधरोपण किया गया, जिससे प्रकृति और परिवार के बीच भावनात्मक संबंध को और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया।



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा कि माँ हमारे जीवन की प्रथम गुरु होती हैं और उनका स्थान सर्वोच्च होता है। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के माध्यम से हम माँ के प्रति सम्मान को प्रकृति से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास कर रहे हैं। यह पहल आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करेगी। उन्होंने कहा कि मातृत्व वन जैसी पहल न केवल हरित क्षेत्र के विस्तार में सहायक होगी, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत करेंगी।

मातृत्व वन के अंतर्गत पर्यावरणीय एवं औषधीय दृष्टि से महत्वपूर्ण पौधों का चयन कर उनका रोपण किया गया है। इनमें टिकोमा, झारुल, सीताअशोक, गुलमोहर, लक्ष्मीतरु, आंवला, बीजा, सिन्दूर, नागकेसरी, अर्जुन एवं जामुन जैसी प्रजातियाँ प्रमुख हैं। ये पौधे न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक होंगे, बल्कि भविष्य में औषधीय उपयोग एवं जैव विविधता के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मातृत्व वन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, माताओं के प्रति सम्मान को प्रकृति के माध्यम से अभिव्यक्त करना तथा नई पीढ़ी में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। यह पहल 'हर घर एक पेड़, हर पेड़ में माँ की ममता' के संदेश को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज और पर्यावरण के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री रामप्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री यश प्रताप सिंह जूदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री गंगाराम भगत, श्री विजय आदित्य सिंह जूदेव सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## शहर विकास को लेकर पिल्ले की सलाह की जरूरत नहीं : वर्षा शरद सिन्हा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगाँव 29 मार्च।** शहर विकास को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। नगर निगम की भाजपा पार्षद वर्षा शरद सिन्हा ने नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के हालिया बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का प्रयास बताया है। राजनांदगाँव नगर निगम की सक्रिय और कर्मठ भाजपा पार्षद वर्षा शरद सिन्हा ने शहर के विकास को लेकर नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले द्वारा दिए गए बयान पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शहर के विकास के लिए भाजपा को किसी बाहरी सलाह की आवश्यकता नहीं है। श्रीमती सिन्हा ने कहा कि राजनांदगाँव की जनता ने विकास के नाम पर भाजपा के नेताओं पर भरोसा जताया है। उन्होंने उल्लेख किया कि सांसद संतोष पांडे, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव और भाजपा के पार्षदों को जनता ने जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा हम जनता के सुझावों का सम्मान करते हैं और उसी आधार पर शहर के विकास की योजनाएँ बनाते हैं। भाजपा में अनुभवी और दूरदर्शी नेताओं की कोई कमी नहीं है जो नगर के समग्र विकास के लिए सक्षम हैं। बिजली के खंभों को बदलने को लेकर संतोष पिल्ले के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सिन्हा ने दो टूक कहा कि कांग्रेस नेताओं को भाजपा शासन को सलाह देने के बजाय आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि आखिर जनता बार-बार उन्हें क्यों नकार रही है। श्रीमती सिन्हा ने आगे कहा कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य जनहित और शहर का सतत विकास है और पार्टी उसी दिशा में लगातार काम कर रही है। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह केवल बयानबाजी कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहा है।जबकि भाजपा जमीनी स्तर पर काम कर रही है। राजनांदगाँव में विकास को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज होती नजर आ रही है। जहां भाजपा अपने कार्यों और जनसमर्थन पर भरोसा जता रही है वहीं विपक्ष सवाल उठाकर राजनीतिक माहौल को गरमा रहा है। आने वाले समय में यह टकराव और तेज होने की संभावना है।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-26 में छत्तीसगढ़ को पहला स्वर्ण दिलाने पर सीएम ने निकिता को दी बधाई

**रायपुर, 29 मार्च।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में छत्तीसगढ़ की बेटी निकिता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश को पहला स्वर्ण पदक दिलाया है। निकिता ने महिला 77 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में 160 किलोग्राम वजन उठाकर यह उपलब्धि हासिल की और छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए निकिता को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जीत केवल एक पदक नहीं, बल्कि प्रदेश की बेटियों के अदम्य साहस, कठिन परिश्रम और सपनों की उड़ान का प्रतीक है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संदेश में कहा, शाबाश निकिता बिटियाज छत्तीसगढ़ को आप पर गर्व है। उन्होंने विश्वास जताया कि निकिता की यह उपलब्धि प्रदेश के अन्य युवा खिलाड़ियों, विशेषकर बेटियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।




## वन विभाग ने कोंडागांव-बड़ेकनेरा मार्ग पर सार्वजनिक प्याऊ का किया शुभारंभ

**कोंडागांव 29 मार्च।** जिले के न परिसर खुटडोबरा ब के परिसर रक्षक अजय कुमार नाग एवं परिक्षेत्र सहायक हरीश यादव द्वारा क्षेत्र में बढ़ती गर्मी को देखते हुए आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कोंडागांव-बड़ेकनेरा मार्ग पर सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था की गई है। इसका शुभारंभ शुक्रवार को श्रीरामनवमी के शुभ अवसर पर वन मंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में परिक्षेत्र अधिकारी दहिकोंगा बिजन लाल शर्मा, समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर वन मंडल अधिकारी ने लोगों को संबोधित करते हुए वन संरक्षण का महत्व बताया और विशेष रूप से गर्मी के मौसम में जंगलों को आग से बचाने के लिए सभी से सहयोग करने की अपील की।

# उपमुख्यमंत्री शर्मा ने अंतर्राज्यीय भ्रमण के लिए दीदियों की बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**रायपुर,29 मार्च।** उपमुख्यमंत्री और कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में अहम पहल करते हुए जिला कबीरधाम में आयोजित अंतर्राज्यीय दिशा दर्शन भ्रमण कार्यक्रम के तहत समूह की महिलाओं के बस को हरी झंडी दिखाकर मंडला, बिछिया और जबलपुर के लिए रवाना किया।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है और इस तरह के भ्रमण से उन्हें नए अवसरों की समझ मिलती है। उपमुख्यमंत्री ने सभी समूह दीदियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह भ्रमण उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा और वे सीखकर अपने क्षेत्र में स्वरोजगार के नए आयाम स्थापित करेंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लोहारा एवं कवर्धा विकासखंड से कुल 40 स्वसहायता समूह की दीदियां शामिल हो रही हैं। यह भ्रमण कार्यक्रम महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। भ्रमण के दौरान महिलाएं विभिन्न स्थानों पर संचालित रोजगारपरक गतिविधियों का अवलोकन करेंगी, उनके कार्यप्रणाली को समझेंगी तथा अपने अनुभवों को साझा करेंगी। इस पहल से समूह की महिलाओं को नए अवसरों की जानकारी मिलेगी और वे अपने क्षेत्र में भी स्वरोजगार के नए आयाम स्थापित कर सकेंगी।




## खेल अधोसंरचना का विस्तार युवाओं को नई ऊर्जा और अवसर देता है: मुख्यमंत्री

**रायपुर, 29 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर में क्रिकेट एकेडमी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में खेल सुविधाओं का विस्तार कर युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे वे भविष्य में राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें। जशपुर में क्रिकेट खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर पालिका और ग्रीन क्रिकेट जशपुर के बीच एमओयू भी किया गया है, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को संगठित प्रशिक्षण और बेहतर संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस दौरान सरगुजा ओलंपिक की विजेता बास्केटबॉल टीम से मुलाकात की और खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन और उपलब्धियां प्रदेश के युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री राम प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविन्द भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री यश प्रताप सिंह जुदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री शौर्य प्रताप सिंह जुदेव, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री गंगाराम भगत, कृष्णा राय, श्री विजय आदित्य सिंह जुदेव, सरगुजा कमिश्नर श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा, आईजी श्री दीपक कुमार झा, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री लाल उमेद सिंह, डीएफओ श्री शशि कुमार सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया निर्माणाधीन जगदेव राम उरांव कल्याण आश्रम चिकित्सालय का अवलोकन

# अस्पताल पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के लोगों के लिए जीवनरेखा साबित होगा

**ह्यह्यह्य** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर में निर्माणाधीन जगदेव राम उरांव कल्याण आश्रम चिकित्सालय का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की गति और निर्धारित मानकों के अनुरूप हो रहे निर्माण पर संतोष जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल के पूर्ण होने के बाद यह क्षेत्र के लोगों के लिए जीवनरेखा साबित होगा और मरीजों को यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की बेहतर सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस अत्याधुनिक चिकित्सालय का निर्माण एनटीपीसी लारा के सीएसआर फंड से लगभग 35 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है। अस्पताल का भूमिपूजन 7 अप्रैल 2025 को मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा किया गया था। वर्तमान में इस अस्पताल का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। प्रस्तावित 6 मंजिला भवन में ग्राउंड फ्लोर सहित चार मंजिलों का ढलाई कार्य पूर्ण हो चुका है।




अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर में इमरजेंसी सेवाएं, प्रथम तल पर ओपीडी, द्वितीय एवं तृतीय तल पर वार्ड, चतुर्थ तल पर आईसीयू, पंचम तल पर ऑपरेशन थियेटर संचालित होगा। यह चिकित्सालय अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। 100 बिस्तरों वाले इस अस्पताल में 15 ओपीडी, 4 आईसीयू, 4 ऑपरेशन थियेटर, फिजियोथेरेपी, पैथोलॉजी लैब, सीटी स्कैन, डायलिसिस, एक्स-रे, इमरजेंसी वार्ड, एमआरआई, ईसीजी सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री रामप्रताप सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री यश प्रताप सिंह जूदेव, श्री भरत सिंह,श्री कृष्ण कुमार राय, श्री विजय आदित्य प्रताप सिंह जूदेव सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# रामनवमी पर पुलिस बैंड ने माँ बम्लेश्वरी के दर्शन कर आरती एवं अर्चना की

**राजनांदगांव, 29 मार्च।** पावन रामनवमी के अवसर पर, माँ की असीम कृपा से नवरात्रि पर्व के दौरान संपन्न हुई महत्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण ड्यूटी के सफल निर्वहन के उपरांत, राजनांदगांव पुलिस द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव से माँ बम्लेश्वरी मंदिर में आरती एवं अर्चना की गई। इस अवसर पर राजनांदगांव पुलिस बैंड के द्वारा भक्तिमय वातावरण का निर्माण किया गया, जिससे पूरे परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा एवं श्रद्धा का संचार हुआ। साथ ही, नवरात्रि ड्यूटी में तैनात समस्त पुलिस बल ने माँ के श्रीचरणों में उपस्थित होकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। नवरात्रि के दौरान राजनांदगांव पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को सुचारु एवं सुदृढ़ बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं व्यवस्थित दर्शन सुनिश्चित कराया गया, जिसकी व्यापक सराहना प्राप्त हुई इसके लिए राजनंदगांव पुलिस आभारी है। किसी भी पदयात्री के साथ शून्य दुर्घटना साथ ही डोंगरगढ़ मेला व्यवस्था ज़ीरो क्रिमिनल इंसिडेंट के साथ समाप्त हुई। राजनांदगांव पुलिस भविष्य में भी जनसेवा, सुरक्षा एवं धार्मिक आयोजनों के सुचारु संचालन हेतु इसी प्रतिबद्धता एवं समर्पण के साथ कार्य करती रहेगी।



# काँटों को मत निकाल चमन से ओ बागबाँ... ये भी गुलों के साथ पले हैं बहार में...



छत्तीसगढ़ में हर दिन 30 महिलाएं और बच्चियां लापता हो रही हैं।3 साल में ही 36 हजार से ज्यादा लापता, बच्चों की गुमशुदगी मामले में देश में छठवें स्थान पर छ्ग आ चुका है।छ्ग में महिलाओं, मासूम बच्चियों की सुरक्षा को लेकर एक चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। छ्ग में औसत हर दिन 30 महिलाएं गायब हो रही हैं। इनमें 10 से 12 नाबालिग बालिकाएं हैं।आंक ड़े बताते हैं साल दर साल गुमशुदगी के मामले बढ़ते जा रहे हैं।जो सामाजिक सुरक्षा पर गंभीर सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं। 2023 से 31 जनवरी 2026 तक प्रदेश से कुल 36, 662 महिलाएं और बच्चियां लापता हुई हैं, इनमें लगभग 7, 188 को खोजा नहीं जा सका है। 3 वर्षो में 10, 753 बालिकाएं लापता हुईं, 11, 825 को बहला-फुस लाकर ले गये।सरगुजा, जश पुर, कोरबा, बलरामपुर, बस्तर जैसेही सीमावर्ती जिलों में मानव तस्करी की घटनाएं अधिक होती हैं।बे-रोजगारी, प्रवासन की भी प्रवृत्ति अधिक होने से तस्कर आसानी से झांसे में लेने में सफल होजाते हैं। अधिकांश पीड़ित नाबा लिग हैं, जिन्हें बहला- फुसला कर दूसरे राज्यों में घरेलू काम जबरन श्रम या यौन शोषण के लिए ले जाया जारहा है। पुलिस की विफलता का एक बड़ा कारण अमले की भारी कमी है। इंस्पेक्टर से लेकर कांस्टेबल तक 8, 637 पद खाली पड़े हैं। मैदानी अमले की कमी भी ग्रामीण इलाकों में पुलिस के नेटवर्क को कम जोर कर रही है, ऑपरेशन मुस्कान जैसे अभियान केवल बरामदगी तक सीमित रह जाते हैं। लापता होनेवाली महिलाओं में बड़ी संख्याआदि वासी वर्ग की है। अक्सर इन्हें रोजगार के बहाने दूसरे राज्यों में घरेलू काम के लिए भेज दिया जाता है, जबरन शादी के जाल में फंसा कर तस्करी की जाती है।दावा है कि अधि कांश को बरामद कर लिया गया है, लेकिन मूल प्रश्न तो लापता होने से रोकने का है।

### छग बनने के बाद 1324 जवानों की शहादत...

साल 2000 में मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य बना। तब से लेकर अब तक पिछले 25 सालों में बस्तर में पुलिस-नक्सलियों के बीच कुल 3366 से ज्यादा मुठभेड़ हुईं।अलग घटनाओं में 1324 जवानों की शहादत हुई, फोर्स ने1510 से ज्यादा नक्सलियों का एनकाउंटर कर दिया है। कांग्रेस के विद्याचरण शुक्ला, महेन्द्र कर्मा, नंदकुमार पटेल आदि को भी नक्सलियों ने मौत के घाट उतरा, 2022- 23 के बाद बस्तर के हालात बदले हैं। हमें नक्सली वार दात में कुर्बानी देनेवालों को नहीं भूलना चाहिये।पिछले 2 से ढाई सालों में कुल 88 जवान शहीद हुए हैं। ज्यादा तर जवान ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट की चपेट में आए हैं। 2022 -23 से पहले तक लगभग 1050 -70 नक्सली मारे गए थे। वहीं पिछले डेढ़ से 2 साल में जवानों ने 420 से नक्स लियों का एनकाउंटर किया है।बस्तर में अब तक इतनी शहादतें हुई हैं, अमर वाटिका में शहीदों के नाम लिखने की अब जगह तक कम पड़ गई है। यहां करीब 50 से60 फीट लंबी दीवार पर काले पत्थरों पर सुनहरे अक्षरों में 2024 तक शहीद हुए जवानों के नाम लिखे हुए हैं।बस्तर में साल 2007 में रानी बोदली, साल 2010 में ताड़मेटला, साल 2017 में बुरकापाल, 2021 में हुए टेकलगुडेम जैसी बड़ी नक्सल घटनाओं ने देश को रुलाया है।बस्तर में 2007 में नक्सलियों ने रानी बोदली में सुरक्षा बलों के कैंप पर हमला किया था। इस घटना में जवानों ने नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब भी दिया था। नक्सलियों से लड़ते हुए जवानों की गोलियां खत्म हो गई थी, जिसके बाद नक्सली कैंप में घुसे, पेट्रोल बम दागना शुरू कर दिए थे।घटना में 55 जवान शहीद हुए थे। जगह-जगह लाशों के ढेर थे। राज्य गठन बाद बस्तर की पहली बड़ी नक्सल घटना थी। इस घटना ने पूरे देश को रुलाया था। इसी साल इस घटना के साथ ही अन्य घटनाओं में 200 जवानों की शहादत हुई।2010 में ताड़मेटला में देश की बड़ी नक्सल घटना हुई थी। यहां नक्सलियों ने जवानों को एंबुश में फंसाया था। माओवादियों ने जवानों पर अंधाधुंध फायरिंग की थी। घटना में 76 जवान शहीद हुए थे। घटनास्थल का मंजर






ऐसा था कि जहां नजर पड़े वहां जवानों कीलाश बिखरी पड़ी थी।इसी साल नक्सलियों ने चिंगावरम में एक बस को ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट कर उड़ाया था, जिसमें 20 जवान शहीद हुए थे। कुल मिलाकर 2010 में अलग-अलग नक्सल घट नाओं में कुल 171 जवानों ने अपना बलिदान दिया था।

### रजत सीएम सचिवालय सहित आयुक्त जनसम्पर्क भी...

छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल कर रजत बंसल को सीएम सचिवालय में विशेष सचिव, जनसंपर्क आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा है। रवि मित्तल को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) नई दिल्ली में उपसचिव पद पर नियुक्त किया गया है। रजत बंसल 2012 बैच के आईएएस हैं। सीएम सचिवालय, आयुक्त, जन सम्पर्क के साथ ही सीईओ 'संवाद', संचालकभौमिकी खनिकर्म, प्रबंध संचालक, छग राज्य खनिज विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। 2012 बैच के आई एएस रजत बंसल मूलतः हरियाणा के रहने वाले हैं। 25 जुलाई 1988 को जन्मे रजत की प्रारम्भिक शिक्षा लखनऊ दिल्ली में हुई, पिलानी से ही कंप्यूटर साइंस में इंजिनियरिंग की पढ़ाई की, यूपीएससी के पहले प्रयास में ही चयन आईपीएस में हुआ, पश्चिम बंगाल काडर भी मिला और दूसरे प्रयास में 80 वीं रैंक हासिल कर आईएएस में चयन हुआ। निगम कमिश्नर रायपुर के रूप में भी ये कार्य कर चुके हैं।



### स्काई वाक में कबूतरों का स्थायी डेरा...

मुंबई, दिल्ली, मद्रास, अह मदाबाद, भोपाल आदि में कई इमारतें सैकड़ों, हजारों साल पुरानी है और ऐसी कुछ ईमारतों में कबूतरों ने अपना स्थायी डेरा बना लिया है छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी कुछ पुरानी बिल्डिंग में कभी-कभार कबूतरों का झुण्ड दिखाई देता है... स्काई वाक के अर्धनिर्मित ढांचे में कबूतरों ने स्थायी निवास बना लिया है, सुबह - दोपहर में कबूतरों का झुण्ड राज टाकीज के खुले मैदान में उतर आता है और कुछ लोग दाने डालने भी नियत समय में आ जाते हैं, पुण्य कमाने लग जाते हैं, यह ठीक है कि स्काई वाक आधा अधूरा ही बना है, लोगों को कोई लाभ फिलहाल नहीं हो रहा है पर कबूतरों को स्थायी निवास तो मिल ही गया है...? हाल ही में राज टाकीज गया तो कबूतरों का झुण्ड मैदान में स्वच्छंद होकर दाना चुगते देखा... पूछताछ में यह सच्चाई सामने आई।



### जग्गी हत्याकांड : मामला रिओपन...

बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड केस हाईकोर्ट में रिओपन हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में केस की सुन वाई हुई। इस दौरान सतीश जग्गी भी उपस्थित हुए। डिवी जन बेंच ने केस की अंतिम सुनवाई के लिए एक अप्रैल की तारीख तय की है। दर असल, डिवीजन बेंच ने 2 साल पहले रामावतार जग्गी हत्याकांड के दोषियों की अपील को खारिज कर दिया था। डिवीजन बेंच ने आजी वन कारावास की सजा को बरकरार रखा था। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई की अपील स्वीकार कर मामला फिर से छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट भेजने का निर्देश दिया था, जिससे मामले की मेरिट पर विस्तार से सुन वाई हो सके। हत्याकांड के बाद पुलिस की शुरूआती जांच में पक्षपात, असंतोष के आरोप लगने पर छ्ग सरकार ने जांच सीबीआई को सौंपी थी। तब सीबीआई ने जांच में पूर्व सीएम अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी समेत कई लोगों पर हत्या और साजिश के आरोप लगाए थे।



### और अब बस......

- » महादेव सट्टा एप के संचालक सौरभ चंद्राकर की 17 00 करोड़ की सम्पति ईडी ने अटैच किया है।
- » छग सरकार के मंत्री गजेंद्र यादव, रामविचार नेताम, ओ पी चौधरी के जिलों में अफीम की खेती करने का मामला चर्चा में है...?
- » छग की जेलों में कैदियों की बढ़ती संख्या, सुविधाओं के अभाव पर सुप्रीम कोर्ट और बिलासपुर हाईकोर्ट के कड़े रुख के बाद जेल प्रशासन 'मॉडल ढ्ढजेल मैनुअल 2016' लागू करने की तैयारी कर रहा है।

## एक नजर

### पिकअप की चपेट में आने से 10 साल की मासूम की मौत

**रायपुर, 29 मार्च।** रायपुर में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है. शादी में शामिल होने आए लोगों को तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में 10 साल की मासूम की मौत हो गई, जबिक 3 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई. पूरी घटना अभनपुर थाना इलाके की केंद्री के पास की है. जानकारी के अनुसार, गरियाबंद जिले के ग्राम कुटेना निवासी जमुना सोनवानी अपनी 10 वर्षीय बेटी राजनंदनी और रिश्तेदार मंजू बघेल और गोंदा बघेल के साथ सिंगारभांठा गांव में विवाह समारोह में शामिल होने आई थी. कार्यक्रम के बाद वे लौटने के लिए केंद्री स्थित बीआईटी मोड़ के पास पैदल जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घायलों को राहगीरों की मदद से तत्काल अभनपुर के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया. अन्य घायलों का इलाज जारी है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. आरोपी वाहन चालक हादसे के बाद भाग निकला, जिसकी तलाश जारी है.

### पत्रकारों के लिए मारुति और हेरिटेज इंडिया फाउंडेशन का विशेष सेमिनार

**रायपुर, 29 मार्च।** पत्रकारिता एक ऐसा पेशा है, जिसमें फील्ड में जाकर विषम और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करना पड़ता है। लगातार भागदौड़, अनियमित दिनचर्या और मानसिक दबाव के बीच पत्रकार न केवल समाज को सशक्त बनाते हैं, बल्कि खुद भी कई चुनौतियों का सामना करते हैं। इन्हीं पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सेहत से समृद्धि तक विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस सेमिनार में उन पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा, जो कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग और अनुशासित जीवनशैली अपनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान अनुभवी पत्रकार अपने अनुभव साझा करेंगे और बताएंगे कि व्यस्त दिनचर्या के बावजूद वे स्वयं को कैसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रखते हैं। साथ ही, स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा भी फिटनेस, संतुलित आहार और तनाव प्रबंधन के महत्वपूर्ण सुझाव दिए जाएंगे।

### भाजपा स्थापना दिवस पर करेगी विभिन्न आयोजन

**रायपुर, 29 मार्च।** 6 अप्रैल को भाजपा अपना 47वां स्थापना दिवस मनाएगी। इसके लिए देशभर में विशेष तैयारियां की गई हैं। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के सभी जिलो में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन तय किए गए हैं। राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों का प्रतिपादन करने हेतु प्रदेश भाजपा नेतृत्व द्वारा प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति के संयोजक भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन होंगे एवं उनके साथ समिति में रंजना साहू, जी. वेंकटराव, शिवनाथ यादव, सुश्री ऋतु चौरसिया एवं कमल गर्ग सदस्य के तौर पर प्रदेश भर में आयोजित कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार कर उसके प्रतिपादन में अपनी भूमिका निभाएंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक यशवंत जैन ने बताया कि 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी अपना 47वां स्थापना दिवस मनाने जा रही है। पार्टी द्वारा प्रतिवर्ष भाजपा स्थापना दिवस से लेकर पूरे पखवाड़े भर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रम कार्यक्रम प्रतिवर्ष करता है।

# राजधानी में देर रात दो पक्षों में जमकर मारपीट

## इलाके में भारी तनाव, पुलिस बल तैनात

**रायपुर, 29 मार्च।** राजधानी रायपुर के आजाद चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत मोमिन पारा और बढ़ई पारा इलाके में शनिवार देर रात दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई है, जिसे देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत बाइक टक्कर को लेकर हुई थी। बताया जा रहा है कि बढ़ई पारा के कुछ नाबालिग लड़कों की बाइक से टक्कर के बाद मोमिन पारा के युवकों से रात लगभग साढ़े 10 से 11 बजे के बीच विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ गया कि इसमें बड़े भी शामिल हो गए। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चले। इस हमले में तीन युवकों के सिर फट गए, जबकि दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। आरोप है कि इस दौरान धारदार हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया।

घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग देर रात तक थाने में मौजूद रहे, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर 50 से अधिक पुलिस जवानों और अधिकारियों को तैनात किया गया। वहीं मामले में दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। इस पूरे मामले पर एसीपी आजाद चौक इशु अग्रवाल ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला गया। दोनों पक्षों की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की विवेचना जारी है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार रात से ही अतिरिक्त बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है।

**चेंबर की सक्रियता से इंडस्ट्रियल उपभोक्ताओं को मिली बड़ी राहत**

# अब औद्योगिक इकाइयों को भी नियमित मिलेगा गैस सिलेंडर

**रायपुर 28 मार्च।** 28 मार्च को वर्तमान वैश्विक परस्थितियों के कारण हुवे संकट के मद्देनजर गैस, पेट्रोल, डीजल और उर्वरकों की आपूर्ति एवं वितरण की समीक्षा हेतु आज रायपुर कलेक्ट्रेट परिसर सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

उक्त बैठक में विश्वदीप आयुक्त नगर निगम रायपुर, कीर्तिमानसिंह राठौर अपर कलेक्टर, एम एस पैकरा मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, भूपेंद्र मिश्रा खाद्य नियंत्रक सहित शहर के समस्त प्रमुख औद्योगिक एवं व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। जिसमें चेंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह सलूजा प्रमुख सलाहकार संतोष जैन उपाध्यक्ष जितेंद्र शादीजा, छत्तीसगढ़ ग्लास संगठन के अध्यक्ष प्रहलाद शादीजा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में चेंबर के कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह सलूजा ने इस अवसर पर अधिकारियों से मांग रखी कि गैस एजेंसियां कमर्शियल और इंडस्ट्रियल कनेक्शन को अलग अलग परिभाषित कर रही है, जबकि सिलेंडर सिर्फ दो ही तरह के होते है डोमेस्टिक एवं कमर्शियल। और गैस एजेंसियों द्वारा औद्योगिक इकाइयों को सिलेंडर देने से यह कह कर इनकार किया जा रहा है कि इंडस्ट्रियल सिलेंडर की सप्लाई नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि औद्योगिक उपभोक्ताओं को गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा आपूर्ति का आधार उद्योगों द्वारा पिछले 11 महीनों के दौरान लिए गए सिलेंडरों के औसत को बनाया जाए, जिससे वितरण में पारदर्शिता बनी रहे। चेंबर के सलाहकार संतोष जैन में प्लास्टिक उद्योग में एलपीजी के उपयोग को रेखांकित करते हुए बताया कि गर्मियों के दौरान प्लास्टिक की टंकियां की बहुत मांग होती है एवं इंडस्ट्रियल गैस की सप्लाई बाधित होने के कारण आम लोगों को प्लास्टिक की टंकियां की आपूर्ति नहीं हो पा रही है जिसके काम आम जनों को बहुत तकलीफ है।



## PICTURE-स्टोरी




**रायपुर, 29 मार्च।** सरस्वती नगर फाटक बंद किए जाने के विरोध में कोटा क्षेत्र के रहवासी फाटक के पास विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ज्ञात हो मेंटेनेंस के नाम पर रेलवे प्रशासन ने पिछले लगभग 19 दिनों से अधिक समय से फाटक बंद कर रखा है। फाटक नहीं खोला गया तो डीआरएम कार्यालय का घेराव के साथ रहवासियों ने रेल रोको आंदोलन की भी चेतावनी दी है।

# ई चालान के नाम पर वसूली के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन




**» पारदर्शिता और राहत की मांग**

**रायपुर 28 मार्च।** 26 ट्रैफिक पुलिस द्वारा ई-चालान के माध्यम से आम जनता से की जा रही कथित वसूली के विरोध में आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस कार्रवाई को आम नागरिकों पर आर्थिक बोझ डालने वाला बताते हुए तत्काल रोक लगाने की मांग की। शहर कांग्रेस कमेटी ने आरोप लगाया कि एक ओर सरकार महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को 1000 देने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर आम नागरिकों से 2000 से 5000 तक के ई-चालान के माध्यम से वसूली की जा रही है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है।

ट्रैफिक कमिश्नर से चर्चा के दौरान कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मांग रखी कि शहर में हेलमेट के नाम पर भेजे जा रहे ई-चालान पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही, ई-चालान के मैसेज से आम लोगों में दुविधा और शंका की स्थिति बन रही है, इसलिए पुलिस प्रशासन को पारदर्शी और अधिकृत तरीके से स्पष्ट संवाद स्थापित करना चाहिए।

कांग्रेस ने यह भी सुझाव दिया कि कबीर नगर के सामने रिंग रोड स्थित सड़क निर्माण क्षेत्र में कैमरे लगाए जाएं, ताकि वास्तविक ट्रैफिक नियम उल्लंघनों पर ही कार्रवाई हो सके। इसके अलावा जहां जहां कैमरे नहीं हैं, वहां साइन बोर्ड और चेतावनी बोर्ड लगाए जाने की भी मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि कार्रवाई में समानता होनी चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के निवास के सामने खड़ी वाहनों पर पहले चालान कर उदाहरण प्रस्तुत किया जाए, उसके बाद आम जनता पर कार्रवाई की जाए। कांग्रेस कमेटी के अनुसार रायपुर शहर में प्रतिदिन 2500 से 3000 ई-चालान काटे जा रहे हैं, जो वर्तमान परिस्थितियों में आम जनता के लिए अत्यधिक बोझ साबित हो रहा है।

कांग्रेस ने इस पर तत्काल रोक लगाने और राहत प्रदान करने की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र ही इस मुद्दे पर सकारात्मक कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस दौरान प्रमोद दुबे पंकज शर्मा डॉ अनुराम साहू प्रशांत ठेंगड़ी बंशी कन्नौजे जी श्रीनिवास प्रवीण चंद्राकर हीरेंद्र देवांगन विनोद ठाकुर ओम श्रीवास सुनीता शर्मा अंजुमन ढेबर संदीप शर्मा देव कुमार साहू कमल धृतलहरे सुजीत सिह सुशांत डे दीपक चौबे नंदकुमार पटेल महेंद्र सिंह मोहम्मद अशरफ ईश्वर चक्रधारी मोहम्मद ताहिर वेंकट कुमार सुनील कुमार साहू गीता सिह कल्पना सागर कविता वर्मा जसबीर सिंह महावीर देवांगन शाहरुख अशरफी महेंद्र चंद्राकर जितेंद्र सिंह प्रशांत नायक योगेश दीक्षित रवि शर्मा राहुल श्रीवास संजीव कुमार राज देवांगन सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ऑनलाइन सट्टा से बचाने, बच्चों के मोबाइल स्क्रीन टाइम पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**रायपुर, 29 मार्च।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर युवाओं में तेजी से फैल रही ऑनलाइन सट्टा बैटिंग गेम्स पर गहरी चिंता व्यक्त की है। साथ ही सोशल मीडिया पर खुलेआम अश्लील और गंदे वीडियो डालने वाले तत्वों पर भी तुरंत कार्रवाई की मांग की है। श्री ंजारे ने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी में एविएटर जैसे ऑनलाइन गेम्स तेजी से फैल रहे हैं, जिसमें वर्चुअल विमान उड़ान भरकर पैसे जीतने का लालच देकर युवाओं को फंसाया जा रहा है। इसी प्रकार लूडो जैसी सामान्य और लोकप्रिय खेलों को भी अब बैटिंग आधारित बना दिया गया है। इन गेम्स के कारण युवा आर्थिक रूप से बर्बाद हो रहे हैं, कर्ज में डूब रहे हैं, मानसिक तनाव झेल रहे हैं और कई मामलों में परिवार टूटने या आत्महत्या जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर खुलेआम अश्लील, गंदे और युवाओं व बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को बिगाड़ने वाले वीडियो और कंटेंट आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। केंद्र की भाजपा सरकार के शासनकाल में इस प्रकार के गंदे कंटेंट का प्रसार तेजी से बढ़ा है, जिससे युवा पीढ़ी का नैतिक पतन हो रहा है। बंजारे ने मांग की कि केंद्र सरकार के आईटी विभाग को तुरंत कड़े कदम उठाने चाहिए। अश्लील वीडियो अपलोड करने वालों, उन्हें प्रसारित करने वालों और ऐसे प्लेटफॉर्म्स पर सख्त कार्रवाई की जाए, जिन पर यह गंदा कंटेंट बिना किसी रोक-टोक के फैल रहा है। राजेंद्र पप्पू बंजारे ने आगे कहा कि अन्य कई देशों ने इस समस्या को गंभीरता से लिया है। ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, चीन, ब्राजील और कई यूरोपीय देशों में कम उम्र के बच्चों के मोबाइल उपयोग और सोशल मीडिया अकाउंट पर सख्त प्रतिबंध लगाए गए हैं। वहां 14-16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंधित है, स्कूलों में मोबाइल फोन पर पूर्ण बैन है और स्क्रीन टाइम को कानूनी रूप से सीमित किया गया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26